



# संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 08 | अंक - 31 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | santalexpress20@gmail.com | दुमका, 20 अक्टूबर 2025, सोमवार | पृष्ठ 8 | मूल्य : 2 रुपये


## अयोध्या में 26 लाख 17 हजार 215 दीप एक साथ जगमगाए, फिर बना अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी

**अयोध्या ।** श्री राम की नगरी में दीपोत्सव पर उत्तर प्रदेश ने रविवार को एक बार फिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक नया रिकॉर्ड बनाकर कीर्तिमान बनाया। ड्रोन से प्रज्वलित दीपों की गणना हुई। गिनीज बुक के प्रतिनिधियों ने रिकॉर्ड बनाने की घोषणा की। यूपी के पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) अमृत अभिजात ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गिनीज रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा। इस रिकॉर्ड के अनुसार 26 लाख 17 हजार 215 दीप एक साथ जगमगाए। इसके बाद 2128 साधकों व अर्चकों, वेदाचार्यों ने एक साथ मिलकर सरयू की आरती की।



## हेमंत सोरेन साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 24 को करेंगे उद्घाटन

संवाददाता

**रांची ।** रांची के मोराबादी मैदान स्थित फुटबॉल ग्राउंड में आगामी 24 से 26 अक्टूबर के बीच साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चैंपियनशिप का उद्घाटन 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे करेंगे। राज्य के खेल निदेशक शेखर जमुआर ने रविवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि चैंपियनशिप देखने के लिए लोगों का प्रवेश निः शुल्क रखा गया है। उन्होंने उन्होंने बताया कि भारत समेत दक्षिण एशिया के 6 देश इस चैंपियनशिप का हिस्सा बनेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस चैंपियनशिप में 300



एथलीट और डेढ़ सौ टेक्निकल ऑफीसर शामिल होंगे। इसके अलावा कई गणमान्य लोग भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा बनेंगे। खेल निदेशक ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन पुलिस रांची नगर निगम और खेल विभाग समेत अन्य विभागों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाई लेवल कमिटी लगातार मॉनीटरिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सब कमेटी भी बनाई गई है। मोराबाड़ी ग्राउंड में खिलाड़ियों, मीडिया पर्सन, टेक्निकल टीम और वीआईपी समेत अन्य विशिष्ट लोगों के लिए पवेलियन बनाए गए हैं। खेल निदेशक ने कहा कि पूरे कार्यक्रम के दौरान साफ सफाई पर विशेष जोर दिया गया है। इस मौके पर खेल निदेशक शेखर जमुआर और खेल पदाधिकारी ने चैंपियनशिप के मस्कट के साथ ग्राउंड का भ्रमण किया। स्मोक पर मस्कट ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया।

## टिकट को लेकर राबड़ी आवास के बाहर कुर्ता फाड़ ड्रामा

### रोते हुए पूर्व प्रत्याशी ने लगाए 2.70 करोड़ मांगने के आरोप

एजेंसी

**पटना ।** बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में घमासान तेज हो गया है। रविवार सुबह राबड़ी देवी आवास के बाहर टिकट न मिलने से नाराज पूर्व प्रत्याशी मदन साह ने न सिर्फ जमकर हंगामा किया, बल्कि अपना कुर्ता फाड़कर बच्चों की तरह सड़क पर रोने-बिलखने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि संजय यादव ने मधुबन विधानसभा सीट से टिकट देने के बदले 2.70 करोड़ रुपये की मांग की, और रकम न देने पर किसी और को टिकट दे दिया गया। बिहार चुनाव के पहले चरण की



वोटिंग में अब सिर्फ 19 दिन शेष हैं। नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 20 अक्टूबर है, लेकिन अभी तक महागठबंधन की सीट शेयरिंग पर कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस अब तक 53 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है, जबकि रविवार को राजद ने अपनी पहली आधिकारिक सूची जारी की, जिसमें 52 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसमें 22 यादव, 3 मुस्लिम और 3 भूमिहार-ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी हैं। राघोपुर सीट पर तेजस्वी यादव का मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार सतीश यादव से होगा, जिन्होंने 2010 में राबड़ी देवी को इसी सीट से हराया था। वहीं एनडीए में सीट बंटवारा तय हो चुका है। हालांकि मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर चर्चा जारी है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जीत के बाद विधायक दल नेता चुनेगा, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार की जनता को नीतीश कुमार पर पूरा भरोसा है।

## पलामू : दिनदहाड़े अगवा कर युवक की गोली मारकर हत्या

संवददाता

**पलामू ।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नई मुहल्ला में रविवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने से पहले अपराधियों ने युवक को अगवा किया। चैनपुर से बाइक पर उठा कर पिटाई करते हुए तीन किलोमीटर दूर ले जाकर हत्या कर दी। गोली मारने से पहले युवक को चाकू मारने के जख्म के निशान मिले है।

मृतक की पहचान चैनपुर पठान मोहल्ला निवासी इबरार हजाम (मिस्त्री) के 30 वर्षीय पुत्र हसन अली के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पांच की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है। हत्या करने से पहले युवक को ले जाते समय का दृश्य आसपास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस उसके आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुटी हुई है। मृत युवक के पैकेट से प्रतिबंधित सिरप बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार हसन अली और विनय अग्रवाल चैनपुर में अस्पताल चौक के समीप बैठे हुए थे। इसी क्रम में 4 से 5 युवक वहां पहुंचे और दोनों युवकों की पिटाई की। हसन अली को जबरन बाइक पर बैठा लिया और वहां से लेकर चले गए। करीब तीन किलोमीटर दूर ले जाने के बाद उसकी पुनः पिटाई की और फिर चाकू से मारने के बाद गले के हिस्से में सटाकर गोली मार दी। विनय ने घटना की जानकारी हसन के परिजनों को दी। परिजन ढूंढते हुए शाहपुर नई मोहल्ला पहुंचे। यहां से हसन का शव बरामद किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लिया। परिजनों के अनुसार हसन मुंबई में रहकर पेंटिंग का काम करता था। मोहर्रम के समय घर आया था। परिजनों ने शाहपुर के सद्दाम नामक युवक पर हत्या की आशंका व्यक्त की है।

## गोड्डा : पानी टंकी ढहने से दो बच्चे की मौत, तीन गंभीर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**सुंदरपहाड़ी ।** प्रखंड अंतर्गत थाना क्षेत्र के डाहुबेड़ा गांव में एक पानी की टंकी ढहने से दो बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब बच्चे टंकी के नीचे नहा रहे थे। घटना से संबंधित मिली जानकारी के अनुसार, डाहुबेड़ा गांव में स्थित लगभग 30 साल पुरानी सीमेंट की पानी टंकी अचानक ढह गई जिसके बाद टंकी के नीचे नहा रहे बच्चे इसकी चपेट में आ गए और मलबे में दब गए। जिसमें दो बच्चे की मौत हो गई है, जबकि तीन बच्चे घायल हैं। वहीं मृतक बच्चों की पहचान 5 वर्षीय मेशा नंद पहाड़िया और 6 वर्षीय धर्मेंद्र



पहाड़िया के रूप में हुई है। जबकि घायलों में 4 वर्षीय चंदन पहाड़िया, 5 वर्षीय मेशा पहाड़िया और 5 वर्षीय गौरव पहाड़िया हैं। घटना के बाद सभी बच्चों को घटना स्थल से उठकर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रशासन को घटना की सूचना मिलते ही सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

## मंईयां योजना के तहत 97 करोड़ 10 लाख की राशि का भुगतान

संवाददाता

**रांची ।** दीपावली और छठ पूजा के पावन अवसर पर झारखंड सरकार की ओर से राज्य की महिलाओं को विशेष उपहार स्वरूप मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सम्मान राशि का भुगतान किया गया है। यह भुगतान अक्टूबर माह की सम्मान राशि के रूप में किया गया है, जिससे रांची जिले की लाखों महिलाओं को त्योहारों से पूर्व आर्थिक सशक्तिकरण का लाभ प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आज रांची जिले की कुल 3 लाख 88 हजार 406 लाभुकों के बैंक खातों में आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 2,500 प्रति लाभुक की दर से कुल 97 करोड़ 10 लाख 15 हजार रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रविवार को कहा है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य की महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपावली और छठ जैसे पावन अवसर पर इस राशि का भुगतान महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान और घरों में खुशहाली लाएगा। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर और पारदर्शी तरीके से योजना का भुगतान मिले।

## बिहार चुनाव : नीतीश कुमार नहीं तो के होगा सीएम?

प्रियरंजन भारती

**पटना।** बीजेपी के पॉलिटिकल स्ट्रेटजिसस्ट गृहमंत्री अमित शाह के इंटरव्यू अएला के बाद बवाल मचल है कि चुनाव बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे।तब के बनेगा सीएम? बीजेपी सफाई देवे में लगल है।एक्स हैंडल पर सफाई देर गया। लिखाया कि अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़ के पेश कैल गया।हो सकता है। बाकी बीजेपी एकरा में माहिर हइए है तो ग़लत बात कइसे कहल जाएगा?ठीक कहल जा रहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगे रखके चुनाव लड़ल जा रहा है।ऐसी बतवा तो दूसर जगह भी चुनउवा में हुआ था।2021 में असम विधानसभा चुनाव सर्वानंद सोनेवाल के सीएम फेस पर बीजेपी लड़ल थी। बाकी मुख्यमंत्री बना दिया हेमंत बिस्वा को। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को आगे करके लड़ल गया चुनाव।सीएम बन गइन मोहन यादव। अइसहीं महाराष्ट्र

### चुनावी चटखारे

में भी कैल गया एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पेश कैल गया बाकी रिजल्ट ऐला पर देवेंद्र फडणवीस बना देल गये सीएम।ओइसहीं बिहारो में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगे करके एनडीए चुनाव लड़ रहिस है। बाकी अमित शाह जो बोल गइन आई पीएम मोदी जी के हनुमान चिराग पासवान भी उनके बतवा के दोहरा गिन कि मुख्यमंत्री विधायक दल तय करेगा,हम नहीं एकरा में गूढ़ रहस्य तो हइए है।अब सवाल एही है कि त चचा नीतीश फिर भतीजा तेजस्वी के पास तो न भाग जाएंगे? सवाल तो हइए न है लाख टका के। बाकी एहो जान लीजिए कि एनडीए में नीतीश आउ बीजेपी में अंदरूनी डीलिंग जरूरे होएल है।तबे न सब फरिया गया ठीक ठाक से। बाकी सियासत है आउ सियासत में गारंटी न लेल जाता है भाई!

### कांग्रेस तेजस्वी को सीएम कभिओ न बने देगी

कांग्रेस भी ताक में लगल है।ठीक ठाक सीट झटकिए लिहिस। बाकी एगो बात ई भी है कि राहुल गांधी भी बीजेपी से डीलिंग तो न कर लिहिन हैं? काहे कि दस बारह गो सीट पर कांग्रेस आरजेडी के खिलाफ जबरदस्ती उम्मीदवार उतार दिहिस।ई काहे?कहे वाला लोग तो कह रहे हैं कि कांग्रेस जादे सीट ई लेल जीते ला चाह रहिस है कि सीन अगर सरकार बनावे के बनी संग एसेंबली वाला तो ऊ अपन दाल गलावे के फेरा में लग जाए?। काहे कि पॉलिटिक्स में कुछो संभव हो सकता है न जी!

### बीजेपी आउ लालू फैमिली में गुपचुप खेला

कहे वाला लोगिन हल्ला खूब उड़ैले है कि नीतीश के कांटे ला बीजेपी लालुओ फैमिली से सेटिंग कैले है। आईआरसीटीसी घोटाला में लालू परिवार फंसले है।सो जेल जाए के नौबत न आवे देवे के गारंटी देके बीजेपी तेजस्वी दबाव बनैले है ताकि नीतीश को फिनीश कैल जा सके।

ई हो सकता है का? पॉलिटिकल पंडित लोग कह रहा है कि लालू के पास ई ऑफर तो पहिलेहीं 2020 के चुनाव से देर है। बाकी ऊ कम ओस्ताद थोड़े हैं?कहे वाला लोग तो इसको कह रहा है कि एही फेरा में महागठबंधन बनके भी फेल हो गया। कांग्रेस आउ आरजेडी जादे से जादे सीट जीत लेवे में लगल है।एने प्रशांत किशोर आउ, तेज प्रताप ओवैसी भी ताल ठोंकले है जे जीते हारे में बीजेपी के ही बायां हाथ वाला रोल कर रहा है। पीके भले बीजेपी से खुल के हाथ न मिलाए हों बाकी पांचो सीट जीत जाएंगे तो सरकार बनावे घड़ी अपन रोल देखैबे न करेंगे जी!




# समय पर नहीं पहुंचा 108 एंबुलेंस, इलाज के अभाव में बच्चे की मौत

संताल एक्सप्रेस

**चतरा।** चतरा जिले के जोरी थाना क्षेत्र में रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में धनगिरी सलैया गांव निवासी 14 वर्षीय राकेश कुमार की मौत हो गई।इस मौत के पीछे आरोप लग रहा है 108 एम्बुलेंस सेवा की लापरवाही की वजह से बच्चे की जान नहीं बचायी जा सकी।

जानकारी के अनुसार, रविवार कि सुबह करीब 9 बजे राकेश बाइक से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन समय पर मदद नहीं पहुंची।घायल राकेश को लोगों ने किसी तरह टेंपू से जोरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया। लेकिन जब दोबारा 108 एंबुलेंस सेवा को बुलाया गया, तो कॉल सेंटर ने जोरी में खड़ी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई। इसके बजाय सदर चतरा से एंबुलेंस भेजी गई, जो न केवल देर से पहुंची बल्कि उसे स्टार्ट करने के लिए धक्का लगाना पड़ा। इलाज में देरी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया।आखिरकार हजारीबाग ले जाते समय राकेश ने रास्ते में दम तोड़ दिया।इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।



स्थानीय एंबुलेंस कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जिला प्रबंधक राजकुमार द्वारा कर्मचारियों से घूस मांगी जा रही है।जिनसे घूस नहीं मिलती, उनकी एंबुलेंस जानबूझकर ऑफ-रोड कर दी जाती है।झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सह चतरा जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि चतरा में एंबुलेंस संचालन में गंभीर अनियमितताएं चल रही हैं।राजकुमार पर घूसखोरी और दबाव डालने के आरोप पहले भी लग चुके हैं।संघ ने इस संबंध में सिविल सर्जन और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# सास को उम्रकैद, बहू की जलाकर हत्या के मामले में अदालत का बड़ा फैसला

संताल एक्सप्रेस

**देवघर।** जिले में एक बहुचर्चित हत्या कांड में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। शनिवार को देवघर की एक सत्र अदालत ने बहू की हत्या के दोष में 60 वर्षीय महिला को आजीवन कारावास की सजा दी है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामला सारवां थाना क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2022 में घरेलू विवाद के बाद एक महिला को जलाकर मार डाला गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय की अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य और पीड़िता के मृत्युपूर्व बयान को निर्णायक माना गया। अभियोजन के अनुसार, 23 अप्रैल 2022 को मृतका और उसकी सास के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद मृतका अपने घर लौट आई, जहां सूखा भूसा रखा था। थोड़ी देर बाद सास वहां पहुंची और आग जला दी, जिससे बहू की साड़ी में आग लग गई। जलने से तड़पती महिला मदद के लिए पुकारती रही, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग बुझाई, पर गंभीर रूप से झुलसने के कारण उसकी मौत हो गई। पीड़िता के मृत्युपूर्व बयान के आधार पर सारवां थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में पुलिस ने विस्तृत जांच के बाद 10 मार्च 2025 को आरोप-पत्र दाखिल किया। अदालत ने त्वरित सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



## शराब पीने से मना करना एक परिवार को पड़ा भारी

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के रांगा टांड़ स्थित रेलवे कलोनी नेताजी क्लब के समीप रहने वाले एक परिवार को उपद्रवियों को मजमा लगाने और शराब पीने से मना करना महंगा पड़ गया। शनिवार देर रात छह से अधिक की संख्या में आए उपद्रवियों ने परिवार के सदस्यों के साथ गाली- गलौज और मारपीट करते हुए चार राउंड फायरिंग कर दी। मामला फायरिंग के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से तीन खोखा बरामद किया है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बजाज बाइक शोरूम से पांच लाख की चोरी

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के कांके बार में बजाज बाइक शोरूम में हुई धनतेरस की कमाई चोरों ने उड़ा ली। रविवार को जब शोरूम का शटर खुला तो मालिक और कर्मचारी सभी आवक रह गए। कैशियर के कमरे का शीशा टूटा हुआ था और अंदर से लाखों रुपये नगद गायब थे। घटना की सूचना तत्काल शोरूम के मालिक वत्सल पोद्दार ने रामगढ़ थाना प्रभारी को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। पांच लाख नगद उड़ा ले गए चोर -रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि लगभग पांच लाख रुपये नगद और चेक चोरों की ओर से चुराई गई है। उन्होंने छानबीन कर यह बताया कि चोर शोरूम के पीछे बनी लेडिस बाथरूम का वेंटीलेटर तोड़कर अंदर घुसा था। इसके बाद में सीधे कैशियर के रूम में पहुंचा। वहां उसने काउंटर का शीशा तोड़कर दरवाजा खोला, फिर कैश काउंटर से पांच लाख नगद रुपये निकाल कर फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात चोरी की यह वारदात शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। लगभग 41 मिनट के वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि हुडी लगाया हुआ चोर शोरूम के अंदर घुसता है। इसके बाद कैशियर के कमरे में घुसकर बड़े आराम से नगद अपने बैग में रखकर फरार हो जाता है। सीसीटीवी में चोर का चेहरा स्पष्ट तौर पर नजर नहीं आया है।

## बदमाशों ने बीसीकेयू नेता से की छीनतई

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा परियोजना के पास बदमाशों ने बीसीकेयू नेता उमाशंकर चौहान से सात हजार रुपए और उनके गले से सोने का चेन छीन लिया। उचक्कों ने उमाशंकर के साथ मारपीट भी की, जिससे वे घायल हो गए। भुक्तभोगी ने मामले की शिकायत धनसार थाना में की है। पुलिस को दिए शिकायत में बीसीकेयू नेता सह बीसीसीएलकर्मी ने बताया कि वे विश्वकर्मा परियोजना में ड्यूटी करने के बाद धनसार अस्पताल के पास खड़े थे। वे अपनी जेब से रुपए निकाल कर गिन रहे थे। इसी बीच दो युवक वहां पहुंचे और पैसे छीन लिया। दोनों ने धक्का-मुक्की करते हुए उनके गले से सोने के चेन छीन लिया। पीछा करने पर दोनों ने उनकी पिटाई कर दी।

## बीबीएमकेयू ने दीपावली से पहले चार रिजल्ट जारी किए

**धनबाद।** दीवाली से एक दिन पहले रविवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने चार परीक्षाओं के परिणाम जारी किए। इसमें बीबीए सेमेस्टर छह, एलएलबी सेमेस्टर एक, बीए एलएलबी सेमेस्टर एक और बीएससी नर्सिंग सेमेस्टर एक, तीन, पांच और सात के रिजल्ट शामिल हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की खुदकुशी

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र के दाईगुट्टू स्थित धोबी लाइन रोड नंबर छह में शनिवार देर शाम 20 वर्षीय विशाल प्रमाणिक ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। विशाल पेशे से ऑटो चालक था और उसके पीछे एक डेढ़ साल का मासूम बच्चा रह गया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, विशाल और उसकी पत्नी के बीच शनिवार शाम किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर विशाल घर के बाथरूम में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर गए, जहां उन्हें विशाल फंदे से लटका हुआ मिला। आनन-फानन में उसे एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रेस्टोरेंट संचालक की हत्या पर चेंबर ने प्रशासन से की कड़ी कार्रवाई की मांग

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के गहरी चिंता व्यक्त करते हुए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने राजधानी में लचर विधि व्यवस्था पर आपत्ति जताई है। चेंबर ने घटना में दोषियों के विरुद्ध सख्त और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारियों से तत्काल वार्ता की। त्यौहारी सीजन में लगातार घटित घटनाओं पर चिंता जताते हुए रविवार को चेंबर भवन में पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि ऐसी घटनाओं से आमजन विशेषकर व्यापारी वर्ग शशंकित है। पुलिस प्रशासन की तत्परता के बावजूद राजधानी में दिनदहाड़े हत्या और गोलीकांड जैसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि अपराधियों में प्रशासन का भय नहीं है। जिला पुलिस प्रशासन को अपराधियों में खौफ बनाने के लिए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि लॉ एंड आर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की।बैठक में अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग और कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल मौजूद थे। वहीं चेंबर के होटल एवं बैंक्वेट उप समिति अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह ने कहा कि रांची में रेस्टोरेंट संचालक की गोली मारकर हत्या की घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि होटल और रेस्टोरेंट उद्योग से जुड़े लोग समाज की सेवा में दिन-रात कार्यरत रहते हैं। ऐसे में इस प्रकार की हिंसक घटनाएं पूरे आतिथ्य क्षेत्र के लिए चिंता का विषय हैं।

## मंगलवार से धनबाद मेडिकल कॉलेज में नए समय से चलेगा ओपीडी

**धनबाद।** दीपावली की छुट्टी के बाद मंगलवार से धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल (शहीद निर्मल महतो मेडिकल अस्पताल )में ओपीडी बदले समय पर चलेगा। यहां सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक लगातार डॉक्टर बैठेंगे और मरीजों का इलाज करेंगे। बीच में किसी तरह का ब्रेक नहीं होगा। दूर दराज से ओपीडी में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन ने यह नई व्यवस्था की है। पहले ओपीडी दो पालियों में संचालित होता था। सुबह 9 से 1 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक डॉक्टर बैठते थे। बीच के तीन घंटे के अंतराल में आने वाले मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता था। खासकर दूरदराज के क्षेत्रों से आने वालों को शाम तक रुकना पड़ता था।

## अलकतरा लदे टैंकर को कंटेनर ने पीछे से मारी टक्कर, चालक की मौत

**रांची।**रांची-टाटा राजमार्ग तमाड़ के दिऊड़ी मंदिर के समीप जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही एक कंटेनर ट्रक ने सड़क पर खड़े एक टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। टैंकर में अलकतरा लदा हुआ था और ब्रेकडाउन होने के कारण सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही कंटेनर ट्रक पीछे से टैंकर से जा भिड़ी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला जा सका। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल तमाड़ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृत चालक की पहचान पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार निवासी तपन दास के रूप में हुई है। हादसे के बाद रांची-जमशेदपुर एनएच-33 करीब एक घंटे तक बाधित रहा। पुलिस ने जाम हटाकर यातायात बहाल कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेजा।

## महिलाओं से छिनतई करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** पुन्दाग ओपी पुलिस ने महिला से छिनतई करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में संजीव लोहरा और उदय यादव शामिल है। इनके पास से एक स्कूटी, चार हजार नकद, छिनतई किया हुआ तीन मोबाईल फोन बरामद किया गया है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने रविवार को बताया कि पांच अक्टूबर को पुंदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत शालीमार बाग के पास दो बाईक सवार अज्ञात अपराधियों ने चलती दो पहिया वाहन में सवार महिला के साथ पर्स छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। इसमें पीडित महिला का मोबाईल, पैसा और कागजात था। इस संबंध में पुन्दाग मामला दर्ज कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन किया गया था। टीम को जांच के क्रम में सूचना मिली कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर के तरफ के रहने वाले हैं। सूचना के बाद अरगोड़ा अशोक नगर गेट नंबर एक के नरोत्तम शास्त्री के घर में किराये पर रहने वाले संजीव लोहरा को पकडकर पूछताछ किया गया ।

## बेटिंग एप चलाने वाले अक्षत अग्रवाल को ले गई तेलंगाना पुलिस

**धनबाद।** ऑनलाइन सट्टेबाजी (बेटिंग एप) कर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गोविंदपुर रोड 'आपणो घर' के अक्षत अग्रवाल को तेलंगाना पुलिस रविवार को अपने साथ ले गई। धनबाद कोर्ट से आरोपी को तेलंगाना पुलिस की एसआईटी ने चार दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर लिया। अक्षत अग्रवाल को चार दिनों के अंदर वहां की कोर्ट में पेश किया जाएगा। शनिवार की दोपहर गोविंदपुर पुलिस के साथ पहुंची तेलंगाना एसआईटी ने 'आपणो घर' से अक्षत को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अभिमन्यु नामक लड़के को आगे कर उसे ही अक्षत अग्रवाल बना दिया था। बाद में उसी के घर के बाथरूम से पुलिस ने अक्षत को दबोचा था। पूछताछ में अक्षत ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वह बेटिंग एप चलाता था। उसने अपने साथियों के नामों का भी खुलासा किया है। तेलंगाना एसआईटी ने घर से अक्षत का मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। मोबाइल और लैपटॉप की जांच से बड़ा खुलासा संभव है।

## कुएं से मिला युवक का शव

**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र के तत्कुंडो सरना टोली में रविवार सुबह एक कुएं से युवक का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची मांडर थाना पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और जांच शुरू की।मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बैंकुली निवासी बिरसा उरांव के रूप में हुई है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।ग्रामीणों के अनुसार युवक बीते एक-दो दिन से लापता था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है कि यह हत्या है या हादसा।मांडर पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारी गोली, हालत नाजुक

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित टाउन रेलवे स्टेशन के पास शनिवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान कुद निवासी उमेश प्रजापति के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, उमेश रोज़ की तरह दूध वितरण कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर दो राउंड फायरिंग की। गोली लगने से उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत आरोग्यम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को नाजुक बताया है। घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी अमित कुमार, सदर एसडीपीओ अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक शाहीद रजा और कटकमदाग थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। परिजनों ने घटना के पीछे जमीन विवाद बताया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

## दीपावली की खरीदारी के कारण बाजार गुलजार, सोमवार को दिवाली

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** दीपावली की खरीदारी के लिए धनबाद के बाजार गुलजार रहा। खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे। सुबह से ही लोग बाजार में जुटने लगे। दोपहर बाद बाजारों में भीड़ चरम पर पहुंच गया। शाम को तो स्थिति यह हो गई बाजार में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

सोमवार को दीपोत्सव होगा। शहर दीपों व लाइटों से रौशन होगा। शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी के साथ अग्रदेव भगवान गणेश पूजे जाएगें। आतिशबाजी से पूरा आसमान चमकेगा।

दीपों के त्योहार दीपावली के लिए पूरा शहर सज गया है। हर घर, हर मुहल्ला, हर बाजार रंग बिरंगी रौशनी से नहा रहा है। कोई घर सजाने में लगा है तो कहीं बाजार गुलजार हैं। लक्ष्मी पूजन कर धन व वैभव की कामना की जाएगी। तो वहीं बुध्दि, शुभता की प्राप्ति व विघ्न हरने के लिए भगवान गणेश पूजे जाएगें। कई लोग वृषभ लग्न और प्रदोष काल में पूजा करेगें तो कई लोग चौघड़िया मुहूर्त में । बॉक्स 1क्या है लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त : लक्ष्मी पूजा मुहूर्त ~ संध्या 7:08 बजे से रात 08:18 मिनट तकप्रदोष काल~ संध्या 5:46 बजे से रात 08:18 मिनट तकवृषभ काल रात 7:08 बजे से रात 9:03 बजे तकबॉक्स 2रात का चौघड़िया मुर्हूत शुभ रात्रि 01:04 बजे से 02:38 तक अमृत रात्रि 02:38 बजे से प्रात~ 04:13 बजे तकचर~ प्रात~ 04:13 बजे से प्रात~ 05:48 बजे तकबॉक्स 322 को गोवर्धन व 23 को चित्रगुप्त और भाईदूज ~इस बार अमावस्या तिथि दो दिन पड़ने के लिए गोवर्धन पूजा, चित्रगुप्त पूजा और भाईदूज में एक दिन का अंतर है। पंचाग के अनुसार 22 अक्तूबर बुधवार को गोवर्धन पूजा मनाया जाएगा।



जबकी एक दिन के बाद 23 अक्तूबर गुरुवार को चित्रगुप्त पूजा है। कार्तिक मास शुक्त पक्ष की द्वितीया तिथि पर 23 अक्तूबर को उदया तिथि में भाईदूज का भी त्योहार मनाया जाएगा।

## धान कुटाई मशीन में फंसकर महिला की मौत

संताल एक्सप्रेस

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत के खम्हार गांव में धान कुटाने आई महिला की धान कुटने वालें मशीन में फंसने से मौत हों गई । किस्को थाना क्षेत्र के दुधमटिया गांव निवासी दिवंगत महेंद्र गंझू की पत्नी पुनम देवी रविवार को कुडू थाना क्षेत्र के खम्हार गांव निवासी अजय गंझू और रमेश गंझू के घर धान कुटवाने आई थी। मशीन को चालू करने के बाद मशीन संचालक घर से बाहर दूसरे स्थान पर चला गया था। महिला पुनम देवी मशीन में धान डाल रहीं थी इसी बीच महिला का साड़ी मशीन में फंस गई तथा महिला मशीन से लिपटती चली गई।

महिला के सिर और पूरे शरीर में गंभीर चोंट लगने के बाद महिला की मौके पर ही मौत हो गई।लगभग आधा घंटा बाद मशीनश्च संचालक मौके पर पहुंचा तो घर के अंदर का नजारा देखते ही उसके होश उड़ गया। मशीन बंद करने के बाद महिला के शव को मशीन से बाहर निकाला और आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस खम्हार गांव पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महिला के पति महेंद्र गंझू का पहले ही मौत हों चुकी हैं। महिला किसी तरह मजदूरी करते हुए तीनों बच्चों की परवरिश कर रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डीजीएमएस के खिलाफ ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन ने खोला मोर्चा

**धनबाद।** कोयला कर्मियों की सुरक्षा को लेकर ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स ऑर्गेनाइजेशन ने डीजीएमएस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कोयला उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में डीजीएमएस को समयबद्ध मानकों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था और उपकरण उपलब्ध कराने होंगे।संगठन ने यह भी मांग की है कि कोल कंपनियों को अपनी सुपरवाइजरी व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि कर्मियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त कार्यभार को कम किया जा सके। पदाधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी है।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सुरक्षा उपायों में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार किया जाएगा।

## काली पूजा को लेकर धनबाद में तैयार हो रहा भव्य पूजा पंडाल



**धनबाद।**धनबाद कोयलांचल में दीपावली और काली पूजा मनाने को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। इस वर्ष काली पूजा को लोकर तमाम पूजा कमिटियां एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल बना रही है। कतरास पोस्ट ऑफिस गली काली पूजा समिति पिछले 23 वर्षों से भव्य काली पूजा का आयोजन करती आ रही है। हर बार अलग-अलग थीम पर आधारित पूजा पंडाल का निर्माण यहां किया जाता है। इस बार यहाँ निर्माणाधीन माता के दरबार के दृश्य को दर्शाया जा रहा है। साथ ही पंडाल में सुरक्षा के महत्व का संदेश भी दर्शाया जा रहा है। पत्थर के बने मजदूर, हाथ मे कुल्हाड़ी, हेलमेट सहित अन्य सामानों का पूजा पंडाल में उपयोग किया गया है।वही समिति सदस्यों ने कहा कि 23 साल से पूजा समिति काली पूजा कर रही है। इस बार निर्माणाधीन माता के दरबार को दिखाया गया है। जिसमे मजदूर, सुरक्षा किट, निर्माण में उपयोग होने वाले वस्तुओं को दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि सिर्फ 5 से 6 लाख पंडाल निर्माण में खर्च किया जा रहा है। वही पूरे पूजा का खर्च 12 लाख है। इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते भी पंडाल में दर्शाया गया है। बता दें कि धनबाद सहित आस पास के जिले के श्रद्धालु भी यहाँ पँहुचते है। इस बार 20 अक्तूबर से 24 अक्टूबर तक श्रद्धालु पूजा पंडाल का दर्शन कर सकते है।

## इनमोसा का एआईडीईओए में हुआ विलय



**धनबाद।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का एक मजबूत एम्पलाई संगठन इनमोसा का ऑल इंडिया डिप्लोमा ऑफिशियल एंड एसोसिएशन में पूर्ण रूप से विलय हो गया। धनबाद गांधी सेवा सदन में रविवार को एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीसीसीएल इनमोसा के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी कुश सिंह के नेतृत्व करीब दो हजार लोगों ने ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर ऑफिशियल एंड एसोशिएसन के राष्ट्रीय महासचिव आर.के. तिवारी की अध्यक्षता में शामिल हो गए। कुश सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज पूरे बीसीसीएल के इनमोसा का एआईडीईओए में विलय हो गया। इनमोसा एक मजबूत संगठन था, लेकिन हाई लेवल से हमलोगों की अनदेखी की जा रही थी, जिसे लेकर विलय का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि हमलोगों यहां सम्मान मिल रहा है अब एक होकर लड़ाई लड़ेंगे। वही ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर ऑफिशियल एंड एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव आर.के. तिवारी ने कहा कि बिदाई होने से संगठन मजबूत हुआ है, कहा कि हम लोगों का मुख्य रूप से प्रमोशन की लड़ाई रही है जिसे मिलकर प्रबंधन से लड़ेंगे साथ ही सुरक्षा को लेकर प्रबंधन और डीजीएमएस को पत्र दिया गया है। किसी भी कीमत पर सुरक्षा की अनदेखी नहीं होने देंगे।

## अंडर-17 नेशनल कैंप के लिए बसंतराय का जिशान चयनित



**बसंतराय ।** सीमित संसाधनों और साधारण माहौल में बड़ी उपलब्धि हासिल कर प्रखंड के बेलाकित्ता गांव के जिशान आलम ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। जिले के बेलाकित्ता गांव निवासी जहांगीर आलम के पुत्र जिशान आलम का चयन रांची में 17 अक्टूबर को आयोजित झारखंड राज्य खो-खो संघ की चयन प्रतियोगिता में अंडर-17 नेशनल कैंप के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के बाद जिशान के परिवार सहित पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। मैट्रिक पास करने के बाद जिशान ने अपनी पढ़ाई को बेहतर बनाने के साथ-साथ खेल में भी करियर बनाने की ठान ली। इसके लिए उन्होंने बसंतराय से करीब 25 किलोमीटर दूर गोड्डा जिला मुख्यालय में रहकर तैयारी शुरू की। वे एक लॉज में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खो-खो खेल का नियमित अभ्यास करते हैं। जिशान ने बताया कि वे प्रतिदिन सुबह तीन बजे उठकर गांधी मैदान में अभ्यास करते हैं। इसी अनुशासन और मेहनत के बल पर उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। जिशान ने कहा कि वे पढ़ाई और खेल दोनों को समान महत्व देते हैं। वहीं, उनके पिता जहांगीर आलम ने कहा कि यह पूरे परिवार और समाज के लिए गर्व की बात है कि उनका बेटा एक छोटे गांव से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर से जिशान की हरसंभव मदद करते रहेंगे।

## तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**गोड्डा ।** बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलचक गांव में रविवार सुबह नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बलबड्डा थाना प्रभारी अमित मार्की के निर्देश पर पुलिस बल मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेहरमा में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं घायल पक्ष का आरोप है कि गांव के गोदानारायण यादव उनके घर के सामने नाली का गंदा पानी सड़क पर बहा रहे थे। इसी रास्ते से गुजरते समय एक बच्चा फिसलकर गिर गया। जब घायल पक्ष इस संबंध में बात करने गोदानारायण यादव के पास पहुंचा, तो उनके परिजनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और बाल पकड़कर घसीटा। घायलों में सज्जन यादव 38 वर्ष, पिता महेन्द्र यादव, शोभा देवी 65 वर्ष, पति महेन्द्र यादव, और महेन्द्र यादव 80 वर्ष, पिता स्वर्गीय कर्नल यादव के रूप में हुई है। ये सभी बलबड्डा थाना क्षेत्र के कमलचक गांव के निवासी हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रणव कुमार ने बताया कि तीन व्यक्ति गंभीर घायल हुए हैं, जिनमें से सज्जन यादव और शोभा देवी को गंभीर चोटों के कारण मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर किया गया है। पूरे मामले पर बलबड्डा थाना प्रभारी अमित मार्की ने बताया की नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मृतक हिदायत सिद्दीकी का अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**हनवारा ।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसा में ज़मीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गांव के ही विधायक अली की मौत हो गई थी। मृतक हिदायत सिद्दीकी का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गाँव परसा में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए प्रशासन की ओर से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र में शांति बनी रही। महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हनवारा थाना प्रभारी और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त देखरेख में पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि क्षेत्र में कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी जारी है।

## सड़क दुर्घटना में साईकिल सवार की मौत

**महगामा ।** प्रखंड क्षेत्र के हनवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणी के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान गोड्डा जिले के कस्बा गांव निवासी 55 वर्षीय करामत हुसैन के रूप में की गई। घटना को लेकर ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, करामत हुसैन बिहार के भागलपुर जिले के अमडंडा स्थित अपनी बेटी के घर से साइकिल पर सवार होकर अपने गांव कस्बा लौट रहे थे। इसी दौरान नयानगर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ईंट लदे ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और हनवारा पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम और बेलबड्डा थाना प्रभारी अमित मार्की मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझा कर घंटों प्रयास के बाद सड़क जाम को हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया है। हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया कि ट्रैक्टर और साइकिल में हुई टक्कर में साइकिल सवार की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया गया साथ ही गाड़ी को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आज होगी मां काली की पूजा अर्चना



**कुंडहित (जामताड़ा)।** काली पूजा दीपावली को लेकर कुंडहित प्रखंड चहल पहल देखा जा रहा है। विभिन्न गावं में पूजा कमिटी द्वारा भव्य पंडाल के साथ आकर्षक प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुंडहित प्रखंड के पालाजोड़ी, प्रसादपुर, खजुरी, बागडेहरी, अम्बा, गड़शेमुला, बनकाटी, नगरी, हरियालमाटी आदि दर्जनों गांव में काली पूजा को लेकर धुम मची हुई है। काली पूजा को लेकर पालाजोड़ी, खजुरी, हरियालमाटी, एंव गड़शेमुला में विशेष उत्सब सहित विभिन्न प्रकार के सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। वही काली पूजा को लेकर पूजा भक्तों की मनोकामना पूरी होने पर बड़ी संख्या में बकरा पाठा बली देने की प्रथा है। पालाजोड़ी, गड़शेमुला, हरियामाटी में बड़ी तदात मे पशु बली देने की प्रथा पूर्व काल से होते आ रहे है। वही बली के बाद दुसरे दिन अतिथियों के आंमत्रन का खिलाया जाता है।वही खजुरी काली पूजा कमिटी की और से दो दिवसीय सांस्कृतिक अनुष्ठान शाह भव्य मेला का आयोजन किया गया।

## आईआरबी परिसर में हरियाली का संकल्प



**जामताड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को आईआरबी-1 परिसर, झीलुआ, नारायणपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक-सह-कमांडेंट राजकुमार मेहता, डीएसपी प्रमोद सिंह और डीएसपी विश्वनाथ सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कुल 50 आम के पौधे परिसर में लगाए गए। अधिकारियों ने स्वयं पौधे रोपित कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया। एसपी राजकुमार मेहता ने कहा वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने की प्रतिबद्धता है। पुलिस विभाग समाज की सुरक्षा के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा के लिए भी समर्पित है।इस पहल में पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय कर्मियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर नागरिक को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए ताकि आने वाला कल अधिक हराभरा और स्वस्थ हो।

## ज़मीन विवाद को लेकर हुई हत्या मामले में पाँच गिरफ्तार

**हनवारा ।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसा में ज़मीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में परसा गांव के हिदायत अली की मौत हो गई थी। घटना में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हनवारा थाना में दर्ज कांड संख्या 48/25 के तहत दर्ज इस मामले में पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देशानुसार एवं महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामारी टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. अली (35 वर्ष), मो. शरीफ (65 वर्ष), मो. आसिफ (45 वर्ष), अब्दुल रऊफ (40 वर्ष) और जफर उर्फ जफर (40 वर्ष) शामिल हैं। सभी निवासी परसा गांव के ही हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कुदाल और दो लाठियाँ बरामद की हैं। पुलिस अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने माताओं और बहनों के बीच साडियां एवं मिठाई बांटकर मनाई दिवाली



**संताल एक्सप्रेस**

**जामताड़ा।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दीपावली के पावन अवसर पर रविवार को जामताड़ा के चंद्रढीपा में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और वहां बड़ी संख्या में जुटीं माताओं-बहनों के बीच साड़ी एवं मिठाईयों का वितरण किया। डॉ. इरफान अंसारी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, ÷ मेरी यही कामना है कि दीपावली हर घर में खुशियां लेकर आए। सभी लोग नए वस्त्र पहनें, मिठाई बांटें, पटाखे फोड़ें और इस पर्व को बिना किसी भेदभाव के मिल-जुलकर मनाएं। यही असली भारत की तस्वीर है।÷ उन्होंने कहा कि त्योहार किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि मानवता का उत्सव होते हैं और हमें ऐसे मौकों पर समाज में प्रेम, एकता और समानता का संदेश फैलाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो लोग धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश करते हैं, उन्हें समाज से जवाब मिलना चाहिए और वह जवाब है एकता और भाईचारा। दीपावली और छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा की हर घर में खुशहाली लाना ही मेरा संकल्प है। इसलिए हर साल चंद्रढीपा आता हूं। यहां के लोगों का स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। यह इलाका मेरे दिल के बहुत करीब है। आदिवासी और मूलवासी समाज ने हर परिस्थिति में मेरा साथ दिया है, जिनका हमेशा ऋणी रहूंगा। इरफान अंसारी ने राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की यह सरकार गरीबों, मजदूरों और किसानों की सरकार है। 20 वर्षों का जो दर्द जनता ने झेला था, उससे अब मुक्ति मिल रही है। विकास का लाभ सीधे गांव-गांव तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, महिला समूह की सदस्यों, महिलाओं, बुजुर्ग माताओं समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## बच्चों ने रंगोली के माध्यम से पेड़ बचाओ का दिया संदेश




**गोड्डा ।** विद्या विहार स्टडी सेंटर गंगटा में विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संदेश दिया। बच्चों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ और हरियाली है तो खुशहाली है जैसे संदेशों को अपनी रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों ने दीये जलाए और पटाखे भी फोड़े, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय वातावरण में झूम उठा। संस्थान के निदेशक आशीष कश्यप ने कहा कि आज हम विकास की चक्कर में अपना विनाश करने पर तुले हैं पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं, इसलिए हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। शिक्षक उमेश रमानी, नीरज कुमार और शिक्षिका तनिसा तनु मैम ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में रचनात्मकता और जागरूकता दोनों बढ़ाती हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

## काली मंदिर ट्रस्ट की अनोखी पहल



**जामताड़ा।** काली पूजा के पावन अवसर पर श्री श्री सार्वजनिक काली मंदिर ट्रस्ट, जामताड़ा ने इस वर्ष सेवा और करुणा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। पूजा की तैयारियों के बीच ट्रस्ट के सदस्यों ने कुछ नया पहल के तहत समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए जामताड़ा वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों के बीच भोजन एवं वस्त्र वितरण किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि मां काली की पूजा तभी सार्थक है जब हम अपने समाज के उन लोगों के प्रति संवेदनशील बनें, जिन्हें वास्तव में सहारे और स्नेह की आवश्यकता है। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की और ट्रस्ट के सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उपस्थित नयन भट्टाचार्य, जितेंद्र सिंह, श्यामल मंडल, और आकाश साहू सहित अन्य ट्रस्ट सदस्यों ने कहा हमारी पूजा का उद्देश्य केवल आराधना नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से मानवता की भावना को आगे बढ़ाना है। ट्रस्ट की इस पहल ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया कि त्योहारों की सच्ची खुशी जरूरतमंदों के साथ बांटने में है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से मां काली से समाज में शांति, समृद्धि और सद्भावना की कामना की।

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज



**जामताड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के सलगाडीह फुटबॉल मैदान में खेल भावना और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला, जहां बी.आर.एच. क्लब सबनपुर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिनमें दूसरे दिन हुए मुकाबले दर्शकों के बीच रोमांच का केंद्र रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा का क्लब के अध्यक्ष रमेश हांसदा, सचिव सुभाष बास्की और कोषाध्यक्ष छोटू हांसदा ने पारंपरिक स्वागत और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मिश्रा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा ग्रामीण युवाओं में अपार खेल प्रतिभा है, आवश्यकता सिर्फ सही दिशा और अवसर देने की है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना को भी सशक्त करता है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशामुक्त और सकारात्मक जीवन की राह दिखाते हैं। कार्यक्रम में गणेश किस्कू (जिला फुटबॉल संघ टिम मैनेजर), ग्रामप्रधान सुनील हांसदा, चांद हांसदा, सुरेंद्र हांसदा, रंजीत हांसदा, अजय हेंब्रम, मुकेश किस्कू, सुधीर मुर्मू, उमेश किस्कू समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।सलगाडीह में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज, मुख्य अतिथि हरिमोहन मिश्रा ने खिलाड़ियों को दी सफलता की शुभकामनाएं

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**नाला (जामताड़ा)।** ताराचटिया मैदान में एस.टी. क्लब, ताराचटिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। यह प्रतियोगिता रोमांच और उत्साह से भरपूर रही। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में स्पोर्टिंग क्लब, बाथनबाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बी.एम.बी. एफ.सी., मंजरा को 5-3 के अंतर से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए दूर-दराज़ के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित हुए। इस अवसर पर माझी हाड़ाम बाबुजन हेम्ब्रम, पारानीक रूबिन मरांडी, कुड़ाम नायकी सेन मरांडी, गुड़ित चुनका मरांडी, भद्दो अशोक मरांडी, लासेर साल लखिन्द्र मरांडी, जोग पारानीक श्याम मुर्मू, वार्ड सदस्य सचिन मरांडी, माझी हाड़ाम सुनील मुर्मू, गोविंद मरांडी, सहदेव हेम्ब्रम, सुनील हेम्ब्रम, देवदास मरांडी, कोलेज मरांडी, लोगेन मरांडी, बाबुश्वर मरांडी, शिशु हेम्ब्रम, मंटु मरांडी, मुनिलाल मरांडी, मिठुन टुडू, सोनालाल सोरेन समेत कई ग्रामीण एवं खेलप्रेमी मौजूद थे।

## इलेक्ट्रिक चाक से मिट्टी के बर्तन बना सकेंगे नयी पीढ़ी के कुम्हार : डीसी

**गोड्डा ।** उद्योग विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के द्वारा चयनित माटी शिल्पकारों को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड तथा झारखंड माटी कला बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में जिला उद्योग कार्यालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा 49 कुम्हारों के बीच इलेक्ट्रिक चाक व टूल किट का वितरण किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त अंजली यादव, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रमाकांत चतुर्वेदी, ईओडीबी प्रबंधक मनीष कुमार, बरीय प्रबंधक झारक्राफ्ट अब्दुल कादिर, जिला उद्यमी समन्वयक देवव्रत कुमार सहित अन्य गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि यह वितरण राज्य सरकार की उस योजना का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत पारंपरिक माटी शिल्पकारों को आधुनिक तकनीक से जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक रूप से हमारे कुम्हार भाई-बहन लकड़ी के चाक का उपयोग कर बर्तन व दीये बनाते आये हैं। अब उन्हें 90 प्रतिशत अनुदान पर प्रदत्त इस इलेक्ट्रिक चाक के माध्यम से कार्य करने में अधिक सहजता व कम मेहनत लगेगी। इससे न केवल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी उपायुक्त ने बताया कि इलेक्ट्रिक चाक मिलने से अब नयी पीढ़ी के कुम्हार भी आधुनिक तरीके से मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीख सकेंगे। ज्ञात हो कि इस योजना के तहत झारखंड माटी कला बोर्ड द्वारा गोड्डा जिले के लिए कुल 49 विद्युत चाकों का आवंटन किया गया था।

## द मिशन स्कूल में दीपों की जगमगाहट और रंगोली कार्यक्रम



**संताल एक्सप्रेस /जामताड़ा।** दीपावली और धनतेरस के पावन अवसर पर द मिशन स्कूल, राजपल्ली (जामताड़ा) में रविवार को भव्य रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने इस कार्यक्रम को प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार दास के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे विद्यालय परिसर को दीपों, फूलों, झालरों और रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह दीपोत्सवमय हो उठा। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पारंपरिक आकृतियों से लेकर आधुनिक डिज़ाइन तक, हर रंगोली ने भारतीय संस्कृति और दीपावली के आध्यात्मिक संदेश को जीवंत किया।

## महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल



**जामताड़ा।** महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को समर्पित आगाज स्वयं सहायता समूह, इस्लामपुर की मासिक बैठक रविवार, 19 अक्टूबर 2025 को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक का आयोजन समूह की सचिव नगमा निगार के आवास पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता सय्यदा खातून ने की तथा संचालन का दायित्व कायनात आरजू ने निभाया। बैठक में समूह की वित्तीय समीक्षा, बचत योजना और ऋण पुनर्भुगतान व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों को समय पर बचत राशि जमा करने और समूह के नियमों का पालन करने पर बल दिया गया। साथ ही, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई, हस्तशिल्प और लघु उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले तिमाही में शुरू करने का निर्णय लिया गया। समूह ने गाँव के जरूरतमंद परिवारों की सहायता, तथा स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प भी लिया। बैठक के अंत में अध्यक्ष सय्यदा खातून ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता और समर्पण की सराहना की।

## सास-बहू-पति सम्मेलन का आयोजन



**नाला (जामताड़ा)।** विभागीय निर्देश के आलोक में रविवार को अफजलपुर पंचायत अंतर्गत कोड़राबाद में सास-बहू-पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहिया साथी बनलता घोष की उपस्थिति में उत्कृष्ट सास, उत्कृष्ट बहू और उत्कृष्ट पति का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों से परिवार नियोजन से संबंधित क्विज़ एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में उत्कृष्ट बहू के रूप में रीना कोड़ा और उत्कृष्ट पति के रूप में सपन कोड़ा का चयन किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने सम्मेलन के महत्व और उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मनोरंजक गतिविधियों एवं संवाद के माध्यम से सास, बहू और पति के बीच बेहतर पारिवारिक संचार एवं आपसी समझ को बढ़ावा देना है।बैठक के दौरान परिवार नियोजन, प्रसव उपरांत देखभाल, खिरसा (टिका) का महत्व, स्वच्छता, तथा बाल विवाह रोकथाम जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सहिया साथी बनलता घोष, सहिया रुंपा बाउरी, रीना लायक, सेविका जलेश्वरी कोड़ा सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं, धात्री माताएं एवं गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं।

## हनुमान मंदिर महोत्सव का विधिवत समापन

**नारायणपुर(जामताड़ा)।** प्रखंड के भैयाडीह स्थित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का रविवार को विधिवत समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में नगर भ्रमण के साथ-साथ विविध भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान युगल बिहार कुंज ठाकुरबाड़ी के दिनेश मिश्रा एवं मिथिलेश मिश्रा द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कथा ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं खोरठा भक्ति वादक हेमंत दुबे के भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। महोत्सव के अंतिम दिन नरेश पाठक, दिनेश मिश्रा और मिथिलेश मिश्रा के नेतृत्व में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें सपत्निक 51 श्रद्धालु दंपतियों ने भाग लिया।

## जामताड़ा में काली पूजा और दीपावली की तैयारियाँ पूरी



**संताल एक्सप्रेस**

**जामताड़ा।** कार्तिक अमावस्या पर मनाए जाने वाले दीपावली और काली पूजा को लेकर जामताड़ा शहर में उल्लास और श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है। पूरा नगर दीपमालाओं से जगमगा उठा है, वहीं भक्तजन मां काली की आराधना की तैयारियों में जुटे हुए हैं। शहर के सभी 09 प्रमुख काली मंदिरों में मध्य रात्रि को विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। मिहिजाम रोड ओवरब्रिज स्थित मां श्यामा काली मंदिर सहित विभिन्न स्थलों पर आकर्षक पंडाल और भव्य प्रतिमाएं सजकर तैयार हैं। कलाकारों ने प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे दिया है, और अमावस्या तिथि के आरंभ होते ही मां काली की प्रतिमा बेदी पर स्थापित की जाएगी।

मंदिर समितियों द्वारा इस अवसर पर खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया है, जिसे श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा। प्रसाद वितरण के दौरान सड़कों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**संताल एक्सप्रेस**

**कुंडहित (जामताड़ा)** ।रविवार को कुंडहित प्रखंड के बाबूपुर पंचायत अंतर्गत इंद्रपहाड़ी गांव में तीन दिवसीय फुटबाल खेल का उद्घाटन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार,पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल विधायक प्रतिनिधि शरम मंडल झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ऑफिसर हेब्रम,मुखिया एमेली हेम्बरम ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया।काली पूजा के शुभ अवसर पर इन्दपहाड़ी गांव में प्रतिवर्ष फुटबॉल टूर्नामिंट खेल का आयोजन किया जाता है। यह खेल आदिवासी जन जागृति कल्याण क्लब की और से आयोजित किया गया है। उद्घाटन टूर्नामेंट में मुख्य अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके फुटबॉल को की मार करके खेल का शुभारंभ किया गया। प्रारंभिक मैच टुडू मंदोरिया और के के स्टार दुमका के बीच खेला गया जिसमें खेल के माध्यम से खेलते हुए के के स्टार दुमका एक गोल से विजय हुए। मौके पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने संबोधित करते हुए कहा पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ हर युवा को खेल के प्रति रुचि रखना बहुत ही लाभदायक है । किसी भी खेल में शरीर के तंदुरुस्ती के साथ मानव के मस्तिष्क भी सही रहते हैं । अगर सहेत ठीक रहे तो पढ़ाई भी उसका आगे बढ़ाने में किसी तरह का रुकावट नहीं होगी।

उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को भरोसा देते हुए कहा गांव देहात में किसी तरह कुछ बात होने पर इसकी जानकारी थाना में दिया जाए ताकि आपके द्वारा आपसी विवाद को जल्द से जल्द निपटारा किया जा सके उन्होंने सभी को पुलिस द्वारा किए जा रहे मदद की बात कही गई। मौके पर पूर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल ने कहा हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है इससे न सिर्फ आनंद मिलता है बल्कि शारीरिक तथा मानसिक रूप से हम स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा खेल के माध्यम से सुनील खत्री, रोनाल्डो जैसे खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर अपना परचम लहराया है ।

## कला प्रेमियों ने दी छन्नू लाल मिश्र एवं पंकज धीर को श्रद्धांजलि



**गोड्डा ।** रेनबो म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों एवं कला प्रेमियों ने रविवार शाम स्थानीय शांति नगर स्थित स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के कार्यालय में एक शोक - सह - श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पद्मविभूषण सहित संगीत के सभी बड़े सम्मान से सम्मानित व होली गीत ÷मसाने में होली खेले दिगम्बर÷ से इन दिनों खासे लोकप्रिय शास्त्रीय गायक छन्नू लाल मिश्र एवं प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक ÷महाभारत÷ में कर्ण की भूमिका निभा कर लोकप्रिय हुए जाने माने चरित्र अभिनेता पंकज धीर को उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं में रेनबो के संरक्षक संजीव कुमार झा, अध्यक्ष सुरजीत झा एवं सचिव मनीष कुमार सिंह ने दिवंगत विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके निधन को भारतीय कला एवं संस्कृति जगत की अपूर्णनीय क्षति बताया। सभा के अंत में उक्त वक्ताओं के अलावा रेनबो के उपाध्यक्ष अखिल कुमार झा, संयुक्त सचिव अमरेंद्र कुमार सिंह, सुभाष चंद्र दास, मुकेश भारती, दया शंकर, सदस्य विष्णु कुमार एवं मो. फैजान ने उपरोक्त विभूति द्वय सहित शनिवार को पारिवारिक हिंसक लड़ाई के शिकार प्रधानाध्यापक हिदायत अली सिद्दिकी जो अपने मिलनसार स्वभाव के चलते बहुत लोकप्रिय थे की निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

## प्रधानाध्यापक सिद्दीकी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**महागामा ।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की ओर से रविवार को गुलजारबाग स्थित संघ भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां बी.डी. प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्वर्गीय हिदायत सिद्दीकी के असामयिक निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिनके निधन से पूरा शिक्षक समाज शोकाकुल है।शिक्षक समाज में शोक की लहर संघ के अध्यक्ष शम्स परवेज़ और सचिव आशुतोष पांडेय ने स्वर्गीय सिद्दीकी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। अध्यक्ष शम्स परवेज़ ने कहा कि शिक्षक हिदायत सिद्दीकी एक मृदुभाषी, मिलनसार और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से शिक्षा जगत ने एक होनहार शिक्षक खो दिया है।सचिव आशुतोष पांडेय ने कहा कि ÷उनके निधन से पूरा शिक्षक समाज मर्माहत है। उनका योगदान और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगा। संघ के अध्यक्ष शम्स परवेज़ ने कहा कि झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई इस दुःख की घड़ी में स्वर्गीय सिद्दीकी के परिवार के साथ खड़ा रहेगा और संघ की ओर से परिवार को हरसंभव सहयोग दिया जाए। सभा में उपस्थित सभी शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय हिदायत सिद्दीकी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दिवाली - हिन्दू सिख एकता का प्रतीक

सिखों व हिंदू की दिवाली एक साथ मनाई जाती है लेकिन यह बंदी छोड़ दिवस कहलाती है और इसे हिंदू दिवाली के साथ या एक ही दिन मनाया जाता है।छठे सिख , गुरु हरगोबिंद साहिब से जुड़ा है, जिन्होंने 52 हिंदू राजाओं को मुगल सम्राट जहाँगीर द्वारा ग्वालियर किले से रिहा कराया था यह दिन गुरु हरगोबिंद साहिब की 1619 में मुगल शासक जँहागिर के शासन में ग्वालियर की कैद से रिहाई की याद में मनाया जाता है, और इसे दिवाली 2025 के दौरान 21 अक्टूबर को ही मनाया जायेगा । यह घटना 1619 में हुई थी, जब गुरु हरगोबिंद को 52 राजाओं के साथ बंदी बनाया गया था। गुरु ने अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग करते हुए एक विशेष लबादा बनवाया, जिसकी 52 लटकनों को पकड़कर सभी राजा बाहर निकले और यह दिन मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। अवसर- बंदी छोड़ दिवस, जिसका अर्थ है मुक्ति दिवस, गुरु हरगोबिंद साहिब जी की रिहाई का जश्न मनाता है। परंपरा के अनुसार, गुरु ने 52 हिंदू राजाओं को भी छुड़ाया था जो उनके साथ कैद थे। प्रथाएं- इस दिन सिख घरों और गुरुद्वारों को रोशन करते हैं। वे गुरुद्वारे जाते हैं, गुरुबानी और कीर्तन सुनते हैं, और परिवार और दोस्तों के साथ उपहारों और दावतों का आदान-प्रदान करते हैं। महत्व- यह दिन सिख धर्म में एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है और इसे हिंदुओं के साथ दिवाली के रूप में भी मनाया जाता है। अमृतसर और दिवाली- जब गुरु हरगोबिंद अमृतसर पहुँचे, तो संयोग से उसी दिन दिवाली थी। लोगों ने गुरु का स्वागत शहर को रोशन करके किया, जो दिवाली की खुशी में एक अतिरिक्त आनंद जुड़ गया। सिख पवित्र गुरुद्वारा शेर शिकार, (बाघ शिकार गुरुद्वारा), भारत के राजस्थान के धौलपुर में मचकुंड में स्थित है। यह गुरुद्वारा छठे गुरु, श्री गुरु हरगोबिंद की यात्रा और पौराणिक शिकार में उनकी भूमिका से जुड़ा है। (कुछ लोग इस कहानी को बाघ के रूप में और कुछ लोग शेर के रूप में सुनाते हैं)। जैसे ही शेर का शिकार दल जंगल में आगे बढ़ा, तनाव तब बढ़ गया जब शेर ने अप्रत्याशित रूप से सम्राट जहाँगीर पर झपट्टा मारा। सम्राट और उनके सैनिकों ने घबराहट में प्रतिक्रिया व्यक्त की और अपनी रक्षा के लिए गोलियाँ और तीर चलाए। हालाँकि, उनके प्रयास व्यर्थ साबित हुए क्योंकि शेर अपने आसपास के शोरगुल से विचलित हुए बिना आगे बढ़ता रहा। संकट के इस महत्वपूर्ण क्षण में, गुरु हरगोबिंद की वीरता प्रकट हुई। अद्भुत साहस का परिचय देते हुए, उन्होंने तेजी से अपने घोड़े से उतरकर खुद को शेर और सम्राट जहाँगीर के बीच खड़ा कर लिया। गुरु हरगोबिंद का निस्वार्थ रक्षा कार्य न केवल शेर के विरुद्ध एक भौतिक अवरोध था, बल्कि उनके नैतिक विश्वास का एक शक्तिशाली प्रमाण भी था। अडिग संकल्प के साथ, उन्होंने शेर को संबोधित करते हुए कहा- ऐ काले यमन पहलन तून वार कर लाए बच्चे तेरे मन दी इच्छा बाकी न रह जाए। इसका अर्थ है, हे काल यमन, पहले मुझ पर आक्रमण कर, ताकि तेरे मन में आक्रमण करने की कोई इच्छा न रहे। यह क्षण सिख इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो गुरु हरगोबिंद की निडरता और दूसरों की रक्षा के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, यहाँ तक कि अपनी जान जोखिम में डालकर भी। उनके कार्य बलिदान, वीरता और नेतृत्व के उन सिद्धांतों का उदाहरण हैं जो सिख शिक्षाओं के मूल हैं। यह घटना न केवल गुरु के शारीरिक पराक्रम को दर्शाती है, बल्कि एक रक्षक और योद्धा के रूप में उनकी विरासत को भी पुख्ता करती है, जिसने उनके समय की घटनाओं को प्रभावित किया और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। शेर का आक्रमण- गुरु हरगोबिंद पर शेर का आक्रमण एक नाटकीय और निर्णायक क्षण है जो उनकी वीरता और आध्यात्मिक प्रभुत्व, दोनों को दर्शाता है। जब शेर गुरु पर भयंकर रूप से झपटा, तो ख़तरे से भरा एक गहन दृश्य उत्पन्न हो गया। गुरु हरगोबिंद ने त्वरित और फुर्तीली प्रतिक्रिया में, अपने बाएँ हाथ से ढाल उठाई और दाएँ हाथ से तलवार चलाई। अद्भुत कौशल के साथ, उन्होंने एक ही, सहज गति से शेर पर वार किया। यह क्रिया केवल युद्ध कौशल का प्रदर्शन नहीं है; यह गुरु की आध्यात्मिक शक्ति और नैतिक साहस का प्रतीक है, जो सिख दर्शन के मूल में निहित सुरक्षा और निस्वार्थता के मूल्यों का प्रतीक है। जब शेर को नीचे गिराया गया, तो सम्राट जहाँगीर और उसके सैनिकों की प्रतिक्रिया उल्लेखनीय है। जहाँ सैनिक डर के मारे पीछे हट गए, वहीं गुरु अपनी जगह पर डटे रहे, जिससे आसन्न ख़तरे के बावजूद दूसरों की निडर रक्षा का उनका उदाहरण सामने आया। इस क्षण ने न केवल गुरु हरगोबिंद की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ किया, बल्कि मचकुंड को सिख भक्तों के एक संप्रदाय, उदासी के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल में बदल दिया। इस घटना के बाद, उदासी ने मचकुंड में आध्यात्मिक गतिविधियों में संलग्न होना शुरू कर दिया, जिससे यह कुछ समय के लिए धार्मिक और सामुदायिक समारोहों का केंद्र बन गया। इस घटना के बाद, सम्राट जहाँगीर ने गुरु हरगोबिंद के महत्व को पहचाना और उन्हें राज्य भर में अपने शाही दौरों में अक्सर अपने साथ चलने के लिए आमंत्रित किया। इसने दोनों के बीच एक जटिल रिश्ते की शुरुआत को चिह्नित किया।

# देश में लाल आतंक के गढ़ से माओवादियों की सबसे बड़े आत्मसमर्पण की कामयाबी



**कांतिलाल मांडोत**

छतीसगढ़ में नक्सली आग पर काबू पाने की तमाम कोशिशें सफलता की ओर अग्रसर है।ढाई दशक से नक्सली आग अब बुझने की कगार पर है।केंद्रीय गृहमंत्रालय ने नक्सलवादियों को आत्मसमपर्ण करने का अल्टीमेटम देने के बाद नक्सली मुख्यधारा की तरफ बढ़ रहे है।छतीसगढ़ के बस्तर में 210 नक्सलियों का सरेंडर अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।210 नक्सलियों ने हथियार डाले है।जिसमे 112महिलाएं और 98 पुरुष है।सरेंडर हथियारों में एके-47,एसएलआर, इंसास रायफल और बीजीएल लॉन्चर शामिल है।मावोवादी भी मानते थे कि सत्ता बन्दूक से निकलती है लेकिन पिछली सरकारों ने उसे नेस्तनाबूद करने के कदम नही उठाए गए।इस वजह से नक्सलियों का कारवां बढ़ता गया।कितने निर्दोष के खून के बाद अब खून की होली थम रही है।पिछली सरकारों ने माओवादी से बातचीत भी नही करती थी।जाहिर सी बात है लाल आतंक का गलियारा अब सिकुड़ता नजर आ रहा है।इतनी बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण सरकार,जनता और उनके परिवार के लिए इतना बड़ा तौहफा और क्या हो सकता है?यह दिवाली की गिफ्ट किसी से कम नही है।बात अब लाज़मी है कि लाल आतंक सिकुड़ने की कगार पर है।महाराष्ट्र में गत दिन 61 नक्सलियों ने हथियार डाले।उसी के साथ 271 माओवादी घर लौटे है तो यह बड़ी उपलब्धि है।सीसीएल रूपेश सहित कई इनामी नक्सलियों से आत्मसमर्पण कर केंद्र सरकार को चिंतामुक्त कर दिया है।आलम यह था कि सुरक्षा बल के जवान हर साल शहीद होते थे।लेकिन सरकार माओवादियों की वार्ता की रूपरेखा तैयार नही करती थी।माओवादी हिंसा में 90 फीसदी गिरावट दर्ज की जा चुकी है।सरकार के प्रयास रहे थे कि सशत्र बलो के जरिये माओवाद को खत्म करने का बीड़ा उठाया था।लेकिन यह संभव नही था क्योंकि जंगल मे रहने वाले नक्सलियों की संख्या का अनुमान नही लगा पा रहे थे।सरकार का अभिगम रहा था कि 2026 के पहले जोभी,नक्सली आत्मसमर्पण करता है तो उसे मुख्यधारा में जोड़ दिया जाएगा,अन्यथा 2026 सरकार का होगा।पहले बस्तर में हर दिन में अपराध होते थे।तीसरे दिन ब्लात्कार की घटना घटती थी

माओवादियों का दशक पहले 40 फीसदी इजाफा हो रहा था।आज माओवादियों की हरकत घटती नजर आ रही है।अब बस्तर में बेहतर स्थिति है।सरकार ने बल प्रयोग का मार्ग छोड़कर माओवादियों को मुख्यधारा में जोड़ने के आह्वान का यह नतीजा रहा है कि आज लाल आतंक ख़त्म होने की कगार पर है।बहरहाल, बस्तर आदिवासी क्षेत्र में रक्तपात कम हुआ है।आधुनिक हथियार से लैस माओवादियों ने 153 हथियार डाले है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भटके हुए हमारे लोगो का पुनर्वास किया जाएगा।सीएम ने कहा कि यह समर्पण नही है,लोगो का पुनर्वास का मंच है।उन्होंने मंच से सम्बोधित करते हुए यह भी कहा कि हमारे लोगो ने इतिहास रच दिया है।हमारे भटके हुए लोग मुख्यधारा में आ गए है।बस्तर से कई वर्ष पूर्व सरगुजा संभाग नक्सल मुक्त हुआ था।अब अबूझमाड़ और उत्तरी बस्तर नक्सल मुक्त हो गए है।जगदलपुर पुलिस लाइन में पुलिस सीआरपीएफ के आला अधिकारियों की मौजूदगी में माओवादियों ने आत्म समर्पण किया और हथियार डाले है।आंध्रप्रदेश में नक्सलियों के हौसले पस्त होते दिखाई दे रहे है।गरीब आदिवासियों को नक्सली बनाकर वे उन पर हुकूमत करते आ रहे थे।लेकिन पिछले कई वर्षों से दंतेवाड़ा जैसा नरसंहार नही किया है।कोई बड़ी घटना नही हुई है।जबकि 33 लोगो को माओवादियों ने मार गिराने की बड़ी घटना पूर्व में घट चुकी थी।जवान शहीद होते है और माओवादी मारे जाते है।यह सिलसिला कई वर्षों से चल रहा था।परन्तु केंद्र की मजबूत सरकार ने माओवादियों को मुख्यधारा में लाने का भरपूर प्रयास किया है और आज भी राज्य और केंद्र सरकार का प्रयास जारी है।कुछ वर्ष पूर्व रास्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने नाराजगी जाहिर की गई थी।क्योंकि 40 महिलाओ से दुष्कर्म के मामले में सरकार पर नाराज आयोग ने 2017 में कार्यवाही में लेटलतीफी का आरोप लगाया था।उस समय सरकार माओवादी हिंसा को सिर्फ कानून व्यवस्था तक ही सीमित मानती थी।लेकिन पिछले दस वर्षों में माओवादियों को मुख्यधारा में लाया जा रहा है।कांग्रेस के कार्यकाल में माओवाद की जड़ में आर्थिक और सामाजिक कारण रहा था।माओवादी इलाके के लोग सड़क,बिजली, पानी,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं काअभाव जेल रहे थे।कांग्रेस ने 755 स्कुलो को युक्तिकरण के तहत बस्तर में बंद कर दिया था।माओवादी चाहते ही थे कि बस्तर के बच्चे अशिक्षित रहेंगे तो उन्हें आसानी से नक्सली संगठन में शामिल कर देंगे।लेकिन यह भूतकाल की समस्या थी।आज स्कूल और शिक्षा स्तर सुद्रढ़ हुआ है।पहले भी माओवादी और सरकार के बीच मध्यस्थता की पहल होती रही थी,लेकिन माओवादी मध्यस्थता के लिए तैयार ही नही होते थे।लेकिन अब अमित शाह के प्रयास कामयाबी की ओर अग्रसर है।आस्तीन के सांप की तरह पाले जाने का आरोप भी तत्कालीन सरकार पर लगे थे।

अफीम और गांजे की खेती करने वाले माओवादियों के लिए हथियार डालना मुमकिन नही था।लेकिन मजबूत सरकार और लाल आतंक को खत्म करने की भावना से बीड़ा उठाया और आज बस्तर माओवदियो से मुक्त होने के किनारे पर है।बस्तर में माओवादियों की कमर तोड़ने के कई कार्य किये थे।नक्सलियों के ठहरने वाले गांवो की सूची तैयार की जाती थी।आश्रय देने वाले ग्रामीणों को समझाइश दी गई।अब नक्सली के कमजोर हुए है।आदिवासियों के हितों के लिए काम करने वाले मानवाधिकारवादी या अन्य संस्थाओं पर यह जवाबदेही आज भी है कि वे माओवादी के मरने पर होहल्ला मचा देते है।ये एक तरफ से माओवाद को सहयोग करते है।लेकिन अब सब ठीक है।आंध्र के नक्सली नेताओ के झाल में फंस कर बस्तर के आदिवासी नक्सली बनते थे।लेकिन अब शिक्षा का स्तर और मूलभूत सुविधाएं मुहैया की जा रही है ।इसलिए माओवादी बनने में नही,अच्छा इंसान बनने के लिए उतारू है।पहले की सरकार केवल राजनीति करती थी।जिससे नक्सलियों को हौसला बुलन्द हो जाता था।लेकिन अब यह सभी बातें गौण है।जिस तरह से 271 माओवादियो ने सरकार के सामने हथियार डाले है। यह सरकार की उपलब्धि है।और केंद्र सरकार की माओवादियों के प्रति स्नेह उजागर करने की धारणा मजबूत करती है।आंध्रप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू पर हमले का मास्टरमाइंड रूपेश भी आत्मसमर्पण में शामिल है।

# दीवाली पर जगमगाएं अपने रूप की रोशनी

**श्वेता गोयल**

**(दीवाली पर विशेष)**

कोई तीज-त्यौहार हो, शादी अथवा पार्टी में जाने की तैयारी हो या फिर शॉपिंग के लिए मार्किट जाना हो, युवतियां या महिलाएं बगैर श्रृंगार किए घर से बाहर एक कदम भी नहीं रखना चाहती। विभिन्न त्यौहारों पर तो महिलाओं के संजने-संवरने का चलन वैसे भी बहुत पुराना है। करवा चौथ पर भारतीय नारी सोलह श्रृंगार करती ही हैं, दीवाली की चमक-दमक और जगमगाती रात में भी महिलाओं में सजने-संवरने का अलग ही क्रेज होता है। अधिकांश महिलाएं इस खूबसूरत मौके को अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहती।

एक गृहिणी कुसुम शर्मा कहती हैं कि कहीं पार्टी वगैरह में जाना हो या दीवाली पर श्रृंगार करने की बात हो, अक्सर महिलाएं ऐसी वेशभूषा का ही चयन करती हैं, जो पुरूषों को और खासतौर से पति की आंखों को आकर्षक लगे। पहनावे व मेकअप इत्यादि के मामले में हर पुरूष की अलग रूचि होती है, इसलिए विशेष अवसरों पर भी महिला का पहनावा और मेकअप उस पुरूष की पसंद पर ही निर्भर होता है, जिसके लिए वह तैयार होती है। एक स्थानीय ब्यूटी पार्लर की मालकिन के मुताबिक टी.वी. के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों की महिला पात्रों के फैशन स्टाइल का आज महिलाओं पर इस कदर जादू छाया हुआ है कि आधुनिक और ग्लैमरस दिखने की चाह में अधिकांश महिलाएं अब अपनी ड्रैस, बालों का स्टाइल, बिंदी, लिपस्टिक, मेकअप इत्यादि सभी कुछ इन्हीं की नकल करते हुए अपना रही हैं। इस बारे में एक ब्यूटीशियन बताती हैं कि उनके ब्यूटी पार्लर में आने वाली ज्यादातर महिलाएं अब दीवाली जैसे खास त्यौहारों के मौके पर भी टीवी सीरियलों जैसे ही मेकअप की मांग करने लगी हैं। ज्यादातर महिलाएं जहां कुछ लोकप्रिय टीवी सितारों जैसी ही बिन्दी तथा ज्वैलरी पहनना पसंद करती हैं, वहीं बालों का स्टाइल, स्पैगिटी ब्लाउज, खूबसूरत सूट-सलवार, चूड़ियां, लिपस्टिक और मेकअप भी वैसा ही पसंद करती हैं।

जहां तक विभिन्न त्यौहारों पर महिलाओं के सजने-संवरने की बात है तो ज्यादातर महिलाएं इसके लिए अपने पति की पसंद-नापसंद का पूरा ख्याल रखती हैं और उनकी कोशिश होती है कि अपने व्यक्तित्व, अपने परिधानों और अपनी अदाओं से कम से कम इन खास मौकों को खास बना दें। शायद यही वजह है कि करवा चौथ और दीवाली जैसे खास अवसरों पर महिलाएं अब अपने साज-श्रृंगार के लिए ब्यूटी पार्लरों की मदद भी लेने लगी हैं। दीवाली के अवसर पर हर साल बाजार में परम्परागत परिधानों के अलावा हल्के व भारी हर तरह के फैशनेबल कलैक्शन पेश किए जाते रहे हैं।

सौन्दर्य विशेषज्ञ मानते हैं कि चूंकि दीवाली रोशनी का त्यौहार है, इसलिए इस अवसर पर कपड़ों के चयन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है ताकि जगमगाती रात में नारी का सौन्दर्य खिलकर एक अलग ही समां बांध सके। इसके साथ-साथ बालों का स्टाइल और मेकअप भी पूरी तरह से परिधानों से मेल खाता होना चाहिए। वैसे आजकल महिलाओं पर विभिन्न टीवी सीरियलों की नायिकाओं और खलनायिकाओं के फैशन का जादू भी सिर चढ़कर बोल रहा है और दीवाली के मौके पर भी महिलाओं पर टीवी के इस फैशन का प्रभाव अधिक देखा जाता है।

दीवाली पर महिलाएं किस प्रकार का श्रृंगार करें और अपने पहनावे व मेकअप के मामले में किन-किन बातों को खास महत्व दें, इस बारे में सौन्दर्य विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं में काफी पहले से ही दीवाली जैसे त्यौहारों पर श्रृंगार करने का क्रेज देखा जाता रहा है, इसलिए अब कई फैशन डिजाइनर इन विशेष अवसरों के लिए न सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि पुरूषों के लिए भी फैशनेबल और व्यक्तित्व को निखारने वाले ऐसे परिधान बनाने लगे हैं, जिनमें उनका व्यक्तित्व पूरी तरह निखरकर सामने आए और वे भीड़ में सबसे अलग दिखें। महिलाओं के लिए खासतौर से डिजाइन की हुई साड़ियां, सूट-दुपट्टा, लहंगा-चोली तथा पुरूषों के लिए शेरवानी, सूट, कोट-पैंट, आकर्षक टाईयां, कमीजें इत्यादि विभिन्न वैरायटी में तैयार किए जाने लगे हैं।

कुछ ब्यूटीशियन के मुताबिक सुंदर सी साड़ी में हाथ जोड़कर खड़ी भारतीय नारी की एक अलग तरह की विशिष्ट छवि देखी जाती रही है, इसलिए दीवाली पर महिलाएं कलात्मक जरी बॉर्डर वाली सिल्क साड़ी पहनें तो इसमें वे सबसे ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। साड़ी चूंकि हर महिला पर खूब फबती है, भले ही उसकी कैसी भी फिगर क्यों न हो लेकिन इस विशेष अवसर पर साड़ी का चयन करते समय अपने व्यक्तित्व के हिसाब से रंग व डिजाइन पसंद करने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा श्रृंगार करते समय ज्वैलरी का चयन भी बहुत मायने रखता है। ज्वैलरी ऐसी पहनें, जो आपकी साड़ी के साथ पूरी तरह मैच करती हो और दीवाली की रोशनी में खूब जगमगाए। इसी से मैच करती हुई चूंड़ियां तथा माथे पर डिजाइनदार बिंदिया लगाकर कोई भी नारी अपने पति का मन मोह लेगी। सलवार और चूड़ीदार कुर्ता भी बहुत सी महिलाओं पर खूब फबता है।

(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं)

## पाकुड़ की खबरें

# डीसी ने पूजा को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मजिस्ट्रेटों के साथ ब्रीफिंग

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़।दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व के मद्देनज़र डीसी मनीष कुमार ने रविवार को सभी ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेटों एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा एवं ब्रीफिंग की। बैठक में डीसी ने कहा कि दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व के दौरान शांति, स्वच्छता, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें और टीम भावना से कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि दीपावली के दौरान किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पटाखे अस्पतालों, भीड़-भाड़ वाले चौक-चौराहों या संवेदनशील स्थलों के पास न छोड़े जाएं। सभी एंबुलेंस रेडी मोड में रहें। किसी भी दुर्घटना या आपात स्थिति की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी जाए। जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय रूप से कार्य करे और किसी भी आपात या संवेदनशील स्थिति पर तुरंत संज्ञान ले। सोशल मीडिया पर किसी भी भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाले पोस्ट की जानकारी मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक मजिस्ट्रेट अपने ड्यूटी प्वाइंट पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी के साथ मिलकर कार्य करें। पूजा के बाद विसर्जन स्थल की साफ-सफाई की भी पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए।घाटों और प्रमुख पूजा स्थलों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम सक्रिय रखा जाए ताकि आमजन को आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर दी जा सकें। साथ ही कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का महापर्व है, इसे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखें, लोगों से संवाद बनाए रखें और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करें।

# मनरेगा एवं आवास योजनाओं की हुई समीक्षात्मक बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़।उप विकास आयुक्त,महेश कुमार संथालिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मनरेगा एवं आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजनाओं के विभिन्न घटकों–बिरसा हरित ग्राम योजना, मानव दिवस सृजन, लेबर इंगेजमेंट, योजना पूर्णता, एसटी पापुलेशन पीडी, महिला पार्टिसिपेशन, डोभा निर्माण योजना, एनआरएम एक्सपेंडिचर आदि की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत फलदार एवं ईमारती पौधारोपण पूर्ण करते हुए नाडेप निर्माण, सीपीटी निर्माण, जलकुण्ड निर्माण एवं सीआईपी लगाने का कार्य शीघ्र सुनिश्चित किया करे। उन्होंने अमड़ापाड़ा एवं महेशपुर प्रखंडों को अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसी भी पंचायत में डिमांड शून्य नहीं रहने दे। योजना पूर्णता के तहत वर्ष 2022-23 एवं पूर्व के 5789 लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर एमआईएस में अपडेट करने को कहा गया। अमड़ापाड़ा प्रखंड को विशेष रूप से एमडब्लूसी प्रखंड के रूप में घोषित होने के अनुरूप प्रदर्शन सुधारने को कहा गया। बैठक में ई-केवाईसी, एनएमएमएस, एरिया आफिसर एप, एबीपीएस, जियो टैगिंग, बिरसा सिचाई कूप, पोटो हो खेल विकास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं जॉब कार्ड सत्यापन में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।वहीं अबुआ आवास योजना* की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 104 तथा 2024-25 में 1303 लाभुकों का प्रथम किस्त भुगतान के पश्चात प्लिंथ जियो टैग लंबित है। उप विकास आयुक्त ने सभी लाभुकों के आवासों को प्लिंथ स्तर तक निर्माण कर जियो टैग कराने का निर्देश दिया।पीएम जनमन योजना के तहत 989 आवासों को अक्टूबर माह तक पूर्ण कराने का निर्देश

# पुलिस टीम पर हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**पाकुड़ ।** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के अंगूठीया गांव में रविवार को पुलिस पार्टी पर ग्रामीणों ने हरवे-हथियार के साथ हमला कर दिया। घटना में कई पुलिस पदाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही हिरणपुर थाने के अन्य पुलिस पदाधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस संबंध में घायल सहायक अवर निरीक्षक गोविंद कुमार साह ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। गोविंद कुमार साह के बयान पर थाने में (कांड संख्या 103/25) दर्ज करते हुए करमु राय, सीओ राय, फूलो देवी, जगनी देवी और मनोज यादव सहित अन्य अज्ञात को अरोपित बनाया है। थाने को दी गई अपनी शिकायत में सहायक अवर निरीक्षक गोविंद कुमार साह ने उल्लेख किया है कि सुल्तान शेख नामक व्यक्ति ने यह सूचना दी थी कि उसका ट्रैक्टर अंगूठीया गांव के कुछ ग्रामीणों ने



रोक रखा है और पांच हजार रुपये रंगदारी की मांग कर रहे हैं। सूचना पर अंगूठीया गांव पहुंचे तो वहां मौजूद ग्रामीणों ने हरवे-हथियार के साथ पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला कर दिया और उन्हें एक पेड़ से बांध दिया। शिकायत के मुताबिक उनके साथ में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी वहां से किसी तरह जान बचाकर भागे और घटना की सूचना हिरणपुर थाने को दी।सूचना मिलते ही सहायक अवर निरीक्षक मुद्रीका प्रसाद, दिलीप कुमार, किशोर टुडू, अजय पासवान, नयमुल अंसारी दल-बल के साथ पहुंचे तो उन पुलिस पदाधिकारियों और जवानों पर भी ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया। सहायक अवर निरीक्षक गोविंद के मुताबिक अन्य पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने किसी तरह हमें ग्रामीणों के चंगुल से निकाला।इधर, पुलिस पर जानलेवा हमला किए

जाने को लेकर पुलिस ने छापेमारी कर करमु राय और सीओ राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना को लेकर हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मां काली की तांत्रिक विधि से पूजा, जिले भर में काली पूजा की धूम

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़ । काली पूजा को लेकर जिले भर में उमंग एवं उत्साह का माहौल है। पाकुड़ राजा पाड़ा स्थित नित्य काली मंदिर एवं कली तल्ला स्थित शमशान काली पूजा राज परिवार की ओर से तांत्रिक विधि से की जाती रही है। सैकड़ो की संख्या में पाठा बलि दी जाती है । शमशान काली ताड़ के पत्तों और पुष्पों से मंदिर स्वरूप बनाए जाते हैं। जहां मां काली की मिट्टी के प्रतिमा की विधिवत तांत्रिक विधि से पूजा की जाती है। पूजा के उपरांत उसी दिन संध्या के समय मां काली का विसर्जन काली भाषा में तालाब में की जाती है। विसर्जन के दौरान प्रतिमा को भक्तों द्वारा कंधों में ले जाया जाता है। वहीं नित्य काली मंदिर में प्रतिदिन पंडित भारत भूषण के नेतृत्व में स्थाई प्रतिमा की पूजा अर्चना होती है। काली पूजा की अमावस्या की रात यहां विशेष पूजा अर्चना तांत्रिक विधि से की जाती है तथा यहां भी पाठा वली दी जाती है।

*क्यों नाम पड़ा कलीतल्ला व काली भाषण शमशान काली का इतिहास भी बहुत पुराना है। पहले यह पूजा लिट्टीपाड़ा प्रखंड के पहाड़िया साफा होड़ द्वारा की जाती थी। इसके पीछे फिर विस्तार से कथा का वर्णन है। बताया जाता है कि फिर इस पूजा को लिट्टीपाड़ा से पाकुड़ स्थानांतरित कर पाकुड़ लाया गया। उसे कालखंड में आज का कहे जाने वाले काली तल्ला तब एक सुनसान स्थल ( शमशान ) था। काली पूजा होने के कारण उसे स्थल का नाम कली तल्ला रखा गया एवं काली पूजा होने के बाद मां काली की प्रतिमा तब के राजघराने के सड़क किनारे तालाब में मां काली के प्रतिमा का भाषण किया जाता रहा है। जिस कारण उस तालाब का नाम काली भाषण रखा गया और यह आज भी कालीभाषण के नाम से जाना जाता है। प्राचीन परंपरा कायम है ।काली पूजा का शुभ मुहूर्त और महत्वमां दुर्गा का एक विराट उग्र स्वरूप मां काली है । सनातन धर्म में माता काली की पूजा आराधना के लिए समर्पित है। जो शक्ति और शोर्य का प्रतीक है। भगवान शिव के ऊपर खड़ी मां काली की छवि विनाशकारी पुरुष अहंकार पर दिव्य स्त्री ऊर्जा का विजय का प्रतिनिधित्व करती है। पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के अमावस्या तिथि को मां काली की पूजा की जाती है।

अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर के दोपहर 1ः14 से 21 अक्टूबर की 3ः24 तक रहेगी।

एवं मां काली की पूजा अर्चना अमावस्या की रात निशिथ काल रात्रि 11ः41 बजे शुरू होगी। मान्यता है कि मां काली की पूजा अर्चना करने से भक्तों को स्वास्थ्य धन और बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है नकारात्मक ऊर्जा से ह्रास होता है। मेले का होता है आयोजन, बच्चे रहते हैं उत्साहित

शमशान काली काली तल्ला में इस अवसर पर मेले का आयोजन होता है काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां काली के दर्शन करते हैं एवं मेले का लुफ्त उठाते हैं। मेले में चार्ट च्वामीन, पुचका, प्रसाद एवं खिलौने की दुकान, बच्चों के छोटे-छोटे झूले आदि की व्यवस्था रहती है। अन्य जिलों से भी लोग यहां मां काली के दर्शन करने आते हैं। यह एक सिद्ध पीठ है कहते हैं मां काली के महा भक्त बामाखेपा भी यहां सिद्धि प्राप्त करने आते थे।क्या है मां काली का राजघराने से संबंध

पाकुड़ का नित्य मां काली मंदिर एवं शमशान काली का इतिहास बहुत प्राचीन रहा है। 17वीं शताब्दी में इसका उल्लेख नित्यकाली मंदिर के रूप में किया गया है।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला



महेशपुर पाकुड़ ) प्रखंड के शहरग्राम पंचायत अंतर्गत नारायणटोला अमलागाछी फुटबॉल मैदान में राम लक्ष्मण रामायण क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पुरुष एवं महिला वर्ग का फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ।पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला एफसी जंगलराज बनाम एफसी बास्की स्टार के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें एफसी जंगलराज की टीम ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए खिताब अपने नाम किया।वहीं महिला वर्ग के फाइनल में एफसी पाकुड़ ने एफसी गोपालपुर को एक गोल से पराजित कर विजय हासिल की। पुरुष वर्ग के विजेता टीम को ?50,000 तथा उपविजेता टीम को ?40,000 की नगद राशि से सम्मानित किया गया, जबकि महिला वर्ग के विजेता को ?10,000 और उपविजेता को ?8,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।मुख्य अतिथि अब्दुल वदूद ने उपस्थित खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में अबुआ सरकार राज्य के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु समर्पित है।

# धनतेरस के दिन झूम उठा हजारीबाग का ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, एक दिन में 450 गाड़ी से अधिक बिक्री

हजारीबाग(ईएमएस)।जीएसटी रिफॉर्म होने के बाद हजारीबाग का ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री झूम उठा है।हजारीबाग में धनतेरस के दिन सभी कंपनियों को मिला लिया जाए तो लगभग साढे चार सौ से अधिक गाड़ी एक दिन में बिका है। अनुमानित व्यापार कहा जाए तो लगभग 40 करोड़ रुपया का चार पहिया वाहन बिका है।अनुमानित हर एक ग्राहक को 50 हजार से 1 लाख रुपया तक का बचत जीएसटी कम होने से हुआ है। दुकान के संचालक से लेकर ग्राहक तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कदम का स्वागत कर रहे हैं।सभी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता को जीएसटी कम कर बड़ी राहत दी है।जो व्यक्ति पहले गाड़ी खरीदने के लिए सोचता था अब वह गाड़ी खरीद पा रहा है।यह सिर्फ केंद्र सरकार के सकारात्मक कदम के बाद हुई है।ग्राहकों का कहना है कि सिर्फ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ही नहीं बल्कि देश के तमाम बड़ी इंडस्ट्री दीपावली में झूम उठे हैं। जिसका असर अर्थव्यवस्था में देखने को मिलेगा।

# वाहन पलटा कोई हताहत नहीं

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) थाना क्षेत्र के लब्दाघाटी लिट्टीपाड़ा पीडब्ल्यू सड़क मधुवन के समीप शनिवार देर शाम एक न्यू विटारा ब्रेज़ा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे गाड़ी पर बैठे सभी लोग बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार गाड़ी कुंजबोना की ओर से आ रही थी, ठीक मधुवन के समीप चालक ने गाड़ी को अनियंत्रित नहीं कर पाया जिससे गाड़ी पलट गई,हालांकि किसी प्रकार की हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस छानबीन में जुट गए हैं।

# ईएमआई विवाद में भाई ने भाई को ट्रक से कुचला, मौत, सीसीटीवी में कैद हुई सनसनीखेज वारदात

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के चौधरीडीह मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह करीब 11 बजे पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया। मामूली झगड़े के बाद एक भाई ने दूसरे को ट्रक से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बिट्टू राउत के रूप में हुई है। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मृतक बिट्टू राउत और उसका भाई संजीत राउत के बीच पिछले कई



महीनों से पारिवारिक तनाव चल रहा था। बताया जाता है कि बिट्टू राउत के पास चार मिनी ट्रक थे, जिनमें से एक उसने अपने मंझले भाई संजीत को दिया था ताकि वह भी परिवार का भरण-पोषण कर सके। लेकिन संजीत राउत गाड़ी की ईएमआई समय पर नहीं चुका पा रहा था, जिससे दोनों भाइयों के बीच विवाद गहराता गया। परिजनों के अनुसार, इसी आर्थिक विवाद को लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। रविवार की सुबह विवाद फिर भड़क उठा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संजीत राउत ने गुस्से में आकर अपने ट्रक को बिट्टू राउत पर चढ़ा दिया, जब वह सड़क किनारे अपनी बुलेट बाइक धो रहा था। घटना इतनी भीषण थी कि बिट्टू की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई और सूचना तुरंत देवीपुर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक तनाव और संपत्ति विवाद मुख्य कारण प्रतीत हो रहा है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। देवीपुर जैसी शांत बस्ती में हुई इस जघन्य घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोग इस घटना को दिल दहला देने वाली बताते हुए इसे पारिवारिक कलह का भयावह रूप मान रहे हैं।

# बीसीसीआई टूर्नामेंट में झारखंड अंडर-19 महिला टीम की मैनेजर बनीं देवघर की चन्दना झा, डॉ. सुनील खवाड़े ने किया सम्मानित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** देवघर जिले के लिए गर्व का क्षण तब आया जब बीसीसीआई द्वारा आयोजित टी-20 महिला अंडर-19 टूर्नामेंट के लिए झारखंड टीम की मैनेजर के रूप में चन्दना झा का चयन किया गया। इस उपलब्धि पर देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने अपने आवास पर चन्दना झा को सम्मानित किया। उन्होंने उन्हें एडिडास का ट्रैकसूट, जूते और टी-शर्ट सहित पूरा स्पोर्ट्स कीट भेंट किया। डॉ. खवाड़े ने इस अवसर पर कहा कि यह न केवल देवघर बल्कि पूरे संथाल परगना के लिए गर्व की बात है कि यहां की बेटी झारखंड महिला




अंडर-19 टीम की मैनेजर बनी है। उन्होंने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ का आभार जताते हुए कहा कि देवघर की प्रतिभाओं को मौका दिया जाना जिले के लिए सम्मान की बात है। साथ ही उम्मीद जताई कि चन्दना झा अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगी। जानकारी के अनुसार, चन्दना झा रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित बीसीसीआई टी-20 अंडर-19 महिला टूर्नामेंट में टीम के साथ शामिल होंगी। वे 21 अक्टूबर की रात साउथ बिहार ट्रेन से जसीडीह से रवाना होंगी, जबकि झारखंड की टीम टाटानगर से इसी ट्रेन द्वारा जाएगी। टीम पहुंचने के बाद नेट प्रैक्टिस शुरू करेगी। टूर्नामेंट का आगाज 26 अक्टूबर से होगा और 2 नवंबर को लीग मुकाबले खेले जाएंगे। झारखंड टीम के क्वालीफाई करने पर 6 नवंबर से कोलकाता में नॉकआउट मैच आयोजित होंगे। सम्मान पाकर चन्दना झा ने कहा कि डॉ. सुनील खवाड़े सदैव खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं और खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्यरत रहते हैं। इस अवसर पर देवघर जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा और चेस संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश भारद्वाज भी मौजूद थे।

## बिना बिजली कनेक्शन के लगा बिजली चोरी का जुर्माना, गरीब किसान हैरान

**देवघर।** झारखंड बिजली विभाग की लापरवाही का ताजा मामला देवघर जिले के सारवां प्रखंड से सामने आया है, जहां एक गरीब किसान पर लगभग बीस हजार रुपये का जुर्माना बिजली चोरी के आरोप में लगा दिया गया है, जबकि उसके घर में बिजली का कनेक्शन तक नहीं है। पूरा मामला केंदुआटांड़ पंचायत के जियाखारा गांव का है। ग्रामीण किसान रंजीत यादव का कहना है कि उनके घर में न तो बिजली का मीटर लगा है और न ही किसी प्रकार का कनेक्शन है, इसके बावजूद बिजली विभाग ने उन पर बिजली चोरी का मामला दर्ज कर एफआईआर कर दी। रंजीत यादव जब स्पष्टीकरण के लिए विभागीय कार्यालय पहुंचे तो उन्हें कई बार बिना सुनवाई के वापस लौटा दिया गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बिजली विभाग की इस कार्रवाई को पूर्णतः मनमानी और अमानवीय बताया है। जिला पार्षद जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बिना जांच के किसी गरीब किसान पर इस तरह की कार्रवाई अन्यायपूर्ण है और विभाग को तत्काल यह निर्णय वापस लेना चाहिए। वहीं, इस संबंध में मधुपुर विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रोहित कुमार ने कहा कि मामला पहली नज़र में गलतफहमी का प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि जीएम स्तर से जांच समिति गठित कर दी गई है और यदि जांच में किसान निर्दोष पाए जाते हैं तो संबंधित सहायक अभियंता से एफआईआर वापस लेने की कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग की इस कार्यप्रणाली को लेकर जिलेभर में चर्चा और नाराजगी व्याप्त है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब बिजली आई ही नहीं, तो बिजली चोरी का जुर्माना कैसे लग गया। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच समिति इस प्रकरण में क्या निष्कर्ष देती है और निर्दोष किसान को कब न्याय मिलता है।

## कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान



**देवघर संताल एक्सप्रेसः** मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया पंचायत स्थित कोटा बांध पर प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस ने ÷वोट चोर – गद्दी छोड़÷ हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुकुंद दास प्रमुख अतिथि रहे। उपस्थित जनसमूह ने अभियान का खुलकर समर्थन किया। आयोजकों ने कहा कि जनता के साथ किया गया विश्वास धोखा है और लोकतंत्र व जनादेश की हत्या बर्दाश्त नहीं होगी। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय ने इसे लोकतंत्र बचाने की मुहिम करार दिया और आरोप लगाया कि सत्ता के लालच में जनादेश का अपमान किया गया। उन्होंने कहा, ÷अब समय आ गया है कि जो जनादेश चुराए हैं, वे गद्दी छोड़कर जनता से माफी माँगे।÷ घटना में प्रखंड पदाधिकारी नारायण यादव, रघुनंदन यादव, अनिरुद्ध दास, दिलीप कुमार, मंडल अध्यक्ष मुकेश दास, मुलिया देवी, यशोदा देवी, लखिया देवी, मो. जमीर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में निशा केशरी अव्वल



**देवघर संताल एक्सप्रेसः** भारती एवं वेक्सो इंडिया के युग्म बैनर तले, दीपावली रंगभरो, हस्तलेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें सैंकड़ो प्रतिभागियों ने अपनी अपनी भागीदारी निभाई। आज हस्तलेखन एवं निबंध प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा की गई। हस्तलेखन प्रतियोगिता के ग्रुप बी में, सुप्रभा शिक्षा स्थली की आरुषि कुमारी को प्रथम, ग्रुप सी में माउंट कार्मेल हाई स्कूल की श्रद्धा सुमन को प्रथम, ग्रुप डी में आर मित्रा डिस्ट्रिक्ट सी एम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस की निशा केशरी को प्रथम जबकि पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। दीपावली शीर्षक निबंध लेखन प्रतियोगिता के बी ग्रुप में संदीपनी पब्लिक स्कूल की पलक झा को प्रथम, दीपावली का सांस्कृतिक महत्व शीर्षक निबंध प्रतियोगिता के ग्रुप सी में दीनबंधु उच्च विद्यालय की शिवानी झा को प्रथम, दीपावली से जुड़ी अपनी कोई कहानी शीर्षक निबंध लेखन प्रतियोगिता के ग्रुप डी में आर. मित्रा की निशा केशरी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ढ्ढ सभी विजयी प्रतिभागियों को साप्ताहिक बाल दिवस के अवसर पर 16 नवंबर को सिद्धिविनायक बैंक्वेट हॉल के भव्य सभागार में भारती के प्रबंध निदेशक निरंजन कुमार गुप्ता, सह निदेशक रागिनी गुप्ता, अनुपमा गुप्ता एवं माया गुप्ता, वेक्सो इंडिया के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव के करकमलों से पुरस्कृत किया जायेगा।

## रेडक्रॉस ने लगाया रक्तदान शिविर



**देवघर संताल एक्सप्रेसः**–देवघर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, देवघर जिला इकाई द्वारा संचालित "Blood Donation on Wheels" कार्यक्रम के अंतर्गत वायरे फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 47 यूनिट रक्त संग्रह कर स्थानीय रक्त अधिकोष को सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस देवघर इकाई के चेयरमैन जितेश राजपाल, वाइस चेयरमैन पीयूष जायसवाल, सचिव निरंजन कुमार सिंह समेत कई कार्यकारिणी सदस्य और आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। चेयरमैन जितेश राजपाल ने कहा कि ÷रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। इस तरह के शिविर समाज को जागरूक और प्रेरित करते हैं। वाइस चेयरमैन पीयूष जायसवाल ने वायरे फाउंडेशन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ÷नई पीढ़ी का समाज के प्रति समर्पण सराहनीय है। सचिव निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए निरंतर चलाया जा रहा है। वायरे फाउंडेशन के ट्रस्टी आदित्य कुमार श्रोफ ने कहा कि रेडक्रॉस के साथ काम करना हमारे लिए गर्व की बात है, और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी अभियानों में सहयोग जारी रहेगा।÷ शिविर में कई स्वेच्छिक रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया।

# महालक्ष्मी ज्वेलर्स में फिर हाथ साफ, ग्रामीणों ने एक चोर को रंगे हाथ पकड़ा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** सारवां थाना क्षेत्र के देवघर-सारठ मुख्य मार्ग स्थित मणिगढ़ी मोड़ के पास शनिवार रात महालक्ष्मी ज्वेलर्स में चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोरों ने दुकान के पीछे स्थित वेंटिलेशन को तोड़कर भीतर प्रवेश किया और कीमती गहनों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की कोशिश के दौरान ग्रामीणों की सतर्कता से एक चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पकड़े गए चोर की पहचान उत्तराखंड राज्य के हर्वलपुर निवासी शेफ अली के रूप में हुई है। बताया गया कि आरोपी का ससुराल मधुपुर में है। पुलिस ने चोर के पास से एक जोड़ा पायल तथा चोरी में प्रयुक्त गेयता बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर



दी है, जबकि घटना में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। ज्वेलर्स के ऑनर सारठ बाभनगांवा निवासी प्रेम प्रकाश पोद्दार ने बताया कि एक वर्ष के भीतर उनकी दुकान में चोरी की यह तीसरी घटना है। लगातार हो रही चोरियों से वे काफी भयभीत हैं। दिवाली के मौके पर हुई इस चोरी की घटना से आसपास के अन्य दुकानदारों में भी भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। ज्वेलर्स द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर सारवां थाना पुलिस कांड दर्ज करने की प्रक्रिया में जुट गई है।

# दीपावली पर सौहार्द और सुरक्षा का संदेश, डीसी ने दी शुभकामनाएं

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** दीपावली के शुभ अवसर पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन में बेहतर स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और शिक्षा में प्रगति लेकर आए। साथ ही प्रकाश का यह त्योहार खुशियों और उमंगों से सबका जीवन आलोकित करे। डीसी ने अपील की है कि लोग दीपावली को सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि आतिशबाजी और नशे से दूर रहकर स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्व मनाना ही सच्ची खुशी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहारों के दौरान समाज में कुछ




असामाजिक तत्व गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, ऐसे में सभी सतर्क रहें।

डीसी ने कहा कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल 100 डायल कर पुलिस को दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम किए गए हैं ताकि लोग निश्चिंत होकर दीपावली का पर्व मना सकें।

# डीएवी कास्टर टाउन में दीपावली एवं छठ पूजा के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन,देवघर में 19 अक्टूबर को दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।जिसमें वर्ग एल.के.जी और यू. के. जी के बच्चों को छठ व्रतियों की वेशभूषा में स्वयं को प्रस्तुत करना,पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों के लिए दीया व रंगोली,तीसरी से पाँचवीं तक के बच्चों के लिए दीया डेकोरेशन तथा छठी और सातवीं कक्षा के बच्चों को तोरण बनाना और कंदील बनाने की गतिविधि आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति के संवाहक धार्मिक त्योहारों के पवित्र महत्त्व को समझना व एकता की भावना को




प्रोत्साहित करना था।पहली कक्षा के बच्चों ने राम,लक्ष्मण, सीता और हनुमान के रूप में स्वयं को प्रस्तुत कर आकर्षक लग रहे थे वहीं प्राय- सभी कक्षा के बच्चों ने छठ पूजा के गीत, नृत्य और अभिनय का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने बच्चों,शिक्षकों एवं अभिभावकों को दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।उन्होंने कहा कि दीपावली एक प्राचीन संस्कृति का त्योहार है जो प्रतिवर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। भारतीय सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने वाला दीपावली का त्योहार सभी को खुशी और प्रसन्नता प्रदान करता है।आध्यात्मिक रूप से यह अंधकार पर प्रकाश का विजय दिखाता है। साथ ही छठ महापर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हम सभी को एक - दूसरे के समीप लाकर सुसंगठित रूप से उत्कृष्ट बनने के लिए प्रेरित करता है।यह पर्व लोगों में मधुरता,स्वच्छता,सादगी व सज्जनता का वातावरण उत्पन्न करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त बातों की जानकारी मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह ने दी।

## बाघमारा में भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी का जनसंपर्क अभियान

### सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने थामा पार्टी का दामन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर :** देवघर जिले के ग्राम बाघमारा में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के बैनर तले जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महासचिव प्रफुल कुमार दास और युवा जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अभियान का शुभारंभ भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास और आजाद समाज पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर और तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन देवीपुर प्रखंड सचिव रवि रंजन ने किया। सभा को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने जो अधिकार बहुजन समाज को दिए, उनकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चंद्रशेखर आजाद के संघर्षों का उल्लेख करते हुए लोगों से पार्टी को मजबूत करने की अपील की। वहीं भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास ने कहा कि दलितों और बहुजनों पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ पार्टी संघर्षरत है और अब सभी को एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत बनाना होगा। कार्यक्रम में चंदन कुमार दास, आशुतोष कुमार, सिकंदर दास समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनवरी तक खुल जाएगी इग्नू सेंटर : क्षेत्रीय निदेशक



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** इग्नू क्षेत्रिय निदेशक डॉ.अरविंद मनोज कुमार सिंह ने मधुपुर महाविद्यालय मधुपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मधुपुर मे इग्नू सेंटर खोलने हेतु प्रभारी प्राचार्य डॉ. रत्नाकर भारती के प्रयास की सराहना की, उन्होंने इग्नू के माध्यम से ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो बढ़ाने के साथ साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विषय पर विशेष जोर दिया। कहा कि महात्मा गांधी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत का पालन करते हुए हमें समाज को प्रबुद्ध करने हेतु अपना प्रयास जारी रखना चाहिए,भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीम राव अम्बेडकर के ÷पेबैक टू सोसायटी÷ अर्थात ÷समाज को वापस करें÷ के सिद्धांत के अनुसार पिछले तीन दशकों से इग्नू ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बड़ी जिम्मेदारी से किया है। क्षेत्रीय निदेशक ने महाविद्यालय के कक्षों व परिसर का जायजा लिया तथा जनवरी 2026 तक इग्नू सेंटर खोलने हेतु आश्वाशन के साथ साथ विभागीय कार्रवाई को जल्द से जल्द पूर्ण करने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती के अनुसार मधुपुर महाविद्यालय में इग्नू सेंटर का खुलना इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। बर्सर डॉ रंजीत कुमार (विभागाध्यक्ष हिंदी) ने इग्नू के पठन सामग्री की तारीफ की, इग्नू की पठन सामग्री UGC NET तथा CSIR NET जैसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं के सिलेबस को ध्यान में रखकर बनाई जाती है।

## भीम आर्मी ने एसपी कार्यालय पहुंचकर झामुमो युवा जिलाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**


**देवघर ।** रविवार को भीम आर्मी के सदस्यों ने देवघर एसपी कार्यालय पहुंचकर झामुमो युवा जिलाध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी पर लगे गंभीर आरोपों पर कार्रवाई की मांग की। मामला देवीपुर थाना क्षेत्र के रामूडीह निवासी सचिन कुमार दास से जुड़ा है, जिसने एसपी को आवेदन सौंपते हुए राहुल पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सचिन दास का कहना है कि राहुल चंद्रवंशी अपनी राजनीतिक हैसियत और प्रभाव का गलत इस्तेमाल करते हुए उससे अवैध कार्य करवाता था। उसने बताया कि 17 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे राहुल के दो साथी उसे बहला-फुसलाकर होटल बैद्यनाथ बिहार ले गए, जहाँ पहले से राहुल अपने सहयोगियों के साथ मौजूद था। वहां उसके साथ मारपीट की गई और बंदूक तानकर जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद सचिन ने एसपी से सुरक्षा की मांग की है। वहीं, भीम आर्मी ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। देवघर एसपी ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें प्राप्त हो गई है। जांच के बाद विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा।

## काली पूजा को लेकर सुरक्षा जांच तेज, पुलिस ने की वाहनों की तलाशी



**देवघर।** जिले में काली पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला एसपी सौरभ के निर्देश पर पाथरोल थाना क्षेत्र में रविवार की शाम विशेष जांच अभियान चलाया गया। एएसआई नगेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने टावर चौक पर नाका चेकिंग अभियान के तहत गुजरने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली। इस दौरान कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी डिक्की और दस्तावेजों की जांच की गई। बताया गया कि पाथरोल स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर में चल रहे चार दिवसीय मेला में प्रतिदिन पचास हजार से अधिक महिला श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रही हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

## स्टेशन पर भीड़ से निपटने को लेकर आरपीएफ तत्पर




**मधुपुर ।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा काली पूजा, दिवाली और छठ पूजा जैसे पवित्र और विराट त्योहारों के दौरान यात्रियों की आवाजाही में होने वाली संभावित वृद्धि को देखते हुए आसनसोल मंडल अंतर्गत विभिन्न स्टेशन आसनसोल मधुपुर और जसीडीह जंक्शन पर व्यापक व्यवस्थाएँ की गयी हैं। इन उपायों का उद्देश्य यात्रियों का सुचारू रूप से आवागमन सुनिश्चित करना, प्लेटफार्मों और यातायात क्षेत्रों पर भीड़भाड़ को कम करना और सभी यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। मधुपुर स्टेशन पर यात्रियों को सुविधाजनक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सुगम प्रवेश और निकास द्वार, उन्नत साइनेज और बेहतर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणालियाँ शुरू की गई हैं। भीड़भाड़ वाले समय में यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने, व्यवस्थित आवाजाही और बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने के लिए मधुपुर स्टेशन समेत अन्य स्टेशन पर यात्रियों के सुविधा के लिए आरपीएफ तत्पर है। मधुपुर, जसीडीह जंक्शन स्टेशन पर आरपीएफ एवं रेल कर्मियों द्वारा फुट ओवरब्रिज और सर्कुलेटिंग एरिया में तैनात यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए व्यवस्थित प्रबंध किया गया है।

# मदरसा हिफ़ज़ुल क़ुरआन बरकातुस्सालिहीन, जमीयत उलेमा ज़िला देवघर का मशविराती (परामर्श) बैठक

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** नबी बक्श रोड़ स्थित मदरसा हिफ़ज़ुल क़ुरआन बरकातुस्सालिहीन में रविवार को जमीयत उलेमा ज़िला देवघर की ओर से एक महत्वपूर्ण परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जमीयत उलेमा ज़िला देवघर के अध्यक्ष मौलाना रिज़वानुल्लाह क़ासमी ने की, संचालन जमीयत के ज़िला सचिव मौलाना क़ुतुबुर्रहमान क़ासमी ने किया।बैठक की शुरुआत तिलावत-ए-क़ुरआन से हुआ, संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा



की गई। मौलाना क़ुतुबुर्रहमान ने जमीयत उलेमा ज़िला देवघर को सक्रिय, संगठित और मज़बूत बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जमीयत एक ऐसी मिली संस्था है जिसने हर कठिन दौर में देश और मिल्लत की राहनुमाई की है। बैठक में उपस्थित स्थानीय जमीयतों के अध्यक्षों और उलमा ने अपने विचार व्यक्त किए और जमीयत उलेमा ज़िला देवघर को हर स्तर पर सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। सभी ने इस बात पर सहमति व्यक्त की के संगठनात्मक एकता, अनुशासन और आपसी सहयोग ही सफलता की कुंजी है। बैठक में हाफ़िज़ व क़ारी इमरानुज़्ज़मां (अध्यक्ष जमीयत शहर मधुपुर), मुफ़्ती महमूदुल हसन क़ासमी, मौलाना इमामुद्दीन, मौलाना शमीम, मौलाना नेअमुल हक़, क़ारी मारूफ़, मौलाना शौकत, मौलाना हैदर, मौलाना अब्दुल लतीफ़, हाफ़िज़ मर्तज़ा और सम्मानित जिम्मेदारान शामिल थे।

# साहिबगंज में दीपावली की धूम,लोगों ने की जमकर खरीदारी









**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - साहिबगंज नगर के बाजारों में रौशनी का त्योहार दिपावली की रौनक बढ़ गई है.वही लोग बाजारो में जमकर खरीदारी करने में जुटे हैं.पुलिस प्रशासन में सुरक्षा का कड़े इंतजाम किया हैं.जानकारी के कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला प्रकाश पर्व दीपावली सोमवार को मनाया जाएगा. इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. दीपावली के लिए लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं. दीपावली को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में रौनक लगी हुई है.साहिबगंज नगर के चौक बाजार ,बाटा चौक, स्टेशन चौक, पटेल चौक, कॉलेज रोड ,जिरवाबाड़ी, पुलिस लाइन में अस्थाई दुकानों ने बाजारों की रौनक में चार चांद लगा दिया हैं. दुकानों में मां लक्ष्मी और श्री गणेश की मूर्तियां, पटाखे, घरकुंडा ,चुकड़ी,चीनी से निर्मित हाथी घोड़ा,झालर,रंगोली घर के साज सज्जा का सामान उपलब्ध है.और लोग इन सामानों की खरीदारी जमकर कर रहे हैं. विशेष तौर पर मिट्टी के दिये, मोमबत्ती की खरीदारी की जा रही है. दुकानदारों के मुताबिक अन्य वर्षों के मुकाबले इस बार पटाखे कम बिक रहे हैं. छोटी दिवाली को लेकर दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है. इस बार स्वदेशी सामान की बिक्री बाजारों में ज्यादा देखी जा रही है और चाइनीज लाइटों में भी कमी देखी गई है. इस साल चाइनीज सामान के प्रति लोगों का कम झुकाव देखने को मिला है. लोग स्वदेशी झालरों और मिट्टी के दीये को तवज्जो दे रहे हैं. रंगोली के लिए रंग काफी ज्यादा बिक रहे हैं.वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी खास इंतजाम किए गए हैं. बाजारों में काफी भीड़ है. सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं. सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए हुए हैं. ट्रैफिक से निपटने के लिए भी तमाम इंतजाम किए गए हैं. बाजारों में काफी भीड़ है. कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है.

## साहिबगंज में राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने कबाड़ी वाले के यहां की छापामारी




संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला तिलकधारी कुंआ निवासी बबलू कबाड़ी के मकान में शनिवार की देर रात राजस्व खुफिया निदेशालय पटना बिहार की तीन सदस्यीय टीम ने नगर थाना पुलिस के सहयोग से छापामारी की. उक्त टीम बबलू कबाड़ी व उसकी पत्नी को नगर थाना लेकर पहुंची. जहां उनसे पूछताछ के बाद किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवा उन्हें छोड़ दिया. छापामारी के दौरान नगर थाना के एसआई मुरली मनोहर सिंह, एसआई प्रकाश रंजन, एसआई आफताब अंसारी सहित अन्य मौजूद थे. ज्ञात हो कि 19 अगस्त को ईडी की 4 सदस्यीय टीम ने सीआरपीएफ जवानों के साथ बबलू कबाड़ी वाले के घर पर छापामारी की थी. टीम ने 12 घंटे से अधिक समय तक यहां कई मुद्दों पर पूछताछ की थी. इसके बाद ईडी ने गोवा बुलाकर उससे कड़ी पूछताछ की थी.

## थोप गांव में ईंट भट्टा संचालक के ऑफिस से लाखों का सामान चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- बरहरवा थाना क्षेत्र के थोप गांव में ईंट भट्टा संचालक अशराफुल शेख के ऑफिस एवं गोदाम से लाखों रुपये मूल्य के सामान की चोरी हो गई. इस संबंध में पीड़ित अशराफुल शेख पिता मानारुल शेख, निवासी सिरासिन खुर्द, थाना बरहरवा जिला साहिबगंज ने बरहरवा थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है.पीड़ित ने बताया कि उसने 15 जनवरी 2021 को अलाउद्दीन शेख से 10 धुर जमीन 15 वर्षों के लिए किराए पर ली थी. जिसका सालाना किराया 5000 रुपये तय हुआ था. किरायानामा तैयार कर उसने उक्त जमीन पर ईंट भट्टा लगाया था.और कार्यालय और छह कमरे भी बनाएं थे.इसी बीच जमीन मालिक अलाउद्दीन शेख ने बिना सहमति के उस जगह पर ताला लगा दिया. जिसके बाद ग्रामीण स्तर पर समझौते की कोशिश की गई थीअशराफुल शेख ने बताया कि 19 अक्टूबर 2025 की सुबह जब वह अपने ऑफिस पहुंचे तो देखा कि ऑफिस और गोदाम का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखा पंपिंग मशीन, मोटर, जनरेटर, घोड़ा, गैस चूल्हा, बैटरी, टेबल-कुर्सी, अलमारी, बिजली का तार सहित कई सामान गायब हैं.उन्होंने आरोप लगाया कि अलाउद्दीन शेख, उसका भाई कासिम शेख, समीम शेख तथा फिरोज शेख ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## साहिबगंज महाविद्यालय के वनस्पति विभाग के अक्षय ने की पीएचईडी की उपाधि हासिल



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज के वनस्पति विभाग के अक्षय कुमार वर्मा आवश्यकता आधारित सहायक प्रोफेसर ने पीएचईडी की उपाधि हासिल की . कुलपति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के आदेशानुसार, अक्षय कुमार वर्मा सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ/ सीएसआईआर यूजीसी नेट एलएस/ गेट एक्सएलपुत्र स्वर्गीय हरि नारायण वर्मा एवं रेनू देवी वर्मा निवासी भदौली सिसई गुमला झारखण्ड उन्होंने बॉटनी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की परीक्षा जो सितंबर 2025 माह में आयोजित की गई थी उत्तीर्ण कर ली है.उनका शोध विषय वझारखण्ड राज्य के रांची नगर के नागरिकों पर पौध समुदायों के प्रभाव के संदर्भ में रांची झील (बड़ा तालाब) का एक पारिस्थितिकीय अध्ययन था.यह शोधकार्य डॉ. अशोक कुमार नाग, सहायक प्रोफेसर, विश्वविद्यालय विभाग, वनस्पति विज्ञान,डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया.वे डॉ. रणजीत कुमार सिंह, भू विज्ञान विभाग अध्यक्ष सह प्राचार्य, मॉडल कॉलेज, राजमहल के साथ मिलकर साहिबगंज के आर्द्रभूमि (वेटलैंड) व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र पर निरंतर शोध कार्य कर रहे हैं. साहिबगंज में वाटर स्पोर्ट्स व जल पर्यटन का अपार संभावनाएं हैं जिससे शोध, स्वरोजगार , स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाने में युवको को सहयोग करेगा. साहिबगंज कॉलेज के डॉ मीरा चौधरी, डॉ दिवाकर, डॉ ध्रुव ज्योति कु सिंह, डॉ चन्द्रशेखर प्रसाद, डॉ अनूप कुमार, डॉ संजीव कुमार सिंह डॉ प्रिया आदि

## राष्ट्रीय राजमार्ग 33 व एनएच 80 में लगाए गए बोर्ड में गांव का नाम गलत-




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल-राजमहल प्रखंड क्षेत्र में बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग-33 तथा एनएच 80 के किनारे पंचायतों, स्थानों के नाम दर्शाने वाले बोर्डों में गंभीर त्रुटियाँ (अशुद्धियाँ) देखी जा रही हैं. इस संबंध में हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने बताया कि विभागीय अधिकारी को मौखिक रूप से जानकारी दी जा चुकी है. परंतु अब तक राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारियों या स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इन त्रुटियों में सुधार नहीं किया गया है. जिसमें सड़क किनारे लगाए गए बोर्ड में लखीपुर के नाम के स्थान पर लखीमपुर का बोर्ड लगाया गया है. मटियाल को भिटियाल दर्शाया गया है. मंगलहाट को मंगलहार कर दिया गया है. कोयला बाजार मोड़ के पास नयाबाजार का बोर्ड लगाया गया है. फुलबड़िया बोर्ड को हटा दिया गया है. जबकि नियमानुसार नया बाजार बोर्ड के स्थान पर फुलबड़िया बोर्ड होना चाहिए था. यदि यह विभाग द्वारा लिखने में हुई मात्र एक गलती है. तो इसे तुरंत सुधारने का प्रयास किया जाना चाहिए था. यदि इसके पीछे नाम परिवर्तन करने का कोई षड्यंत्र या साजिश है. तो यह अत्यंत गंभीर एवं अनुचित कृत्य होगा. इससे ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग किसी के दबाव में इस प्रकार का नाम परिवर्तन करने का साजिश व षंडयंत्र रचा जा रहा है. जनहित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-33 तथा एन एच 80 के किनारे लगे उपर्युक्त स्थानों के नाम दर्शाने वाले बोर्डों को तत्काल शुद्ध (सही नाम) करके लगाने का निर्देश दें. ताकि आम जनता और यात्रियों को किसी प्रकार की भ्रांति न हो.

## अब नहीं होगी चलने में परेशानी, प्रोफेसर कॉलोनी की सड़क हुई गड्ढामुक्त



संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा - नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 03 अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी की सड़क पर बने आरसीसी नाले का ढक्कन लंबे समय से टूट-फूट की स्थिति में था. इससे सड़क के बीचों-बीच गड्ढे जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी. जिसके कारण स्थानीय लोगों सहित राहगीरों और वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. कई बार तीन पहिया वाहन गड्ढे में फंसकर पलट भी जाता था.स्थानीय निवासियों की शिकायत और आगामी छठ महापर्व को देखते हुए कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने पहल करते हुए अपने निजी मद से सभी गड्ढों की मरम्मत करवाई. इस कार्य से सड़क फिर से सुगम हो गई है.जिससे लोगों को राहत मिली है.वार्डवासियों ने निताय सरकार के इस सराहनीय कार्य के लिए उनका आभार जताया और कहा कि अब कॉलोनी में आना-जाना सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है.मौके पर लालू रमानी, गुड्डू मिस्त्री, विष्णु कुमार, अमित रमानी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे.

## सड़क दुर्घटना में मोटर साइकिल चालक घायल

साहिबगंज - तालझारी थाना क्षेत्र के करणपुरातो- महाराजपुर के बीच मुख्य सड़क पर रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में मोटर साईकिल चला रहे युवक करणपुरातो निवासी 32 वर्षीय छोटू लाल सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गया.घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंचा.जहां चिकित्सक ने घायल युवक का इलाज प्रारंभ कर दिया.घटना के संबंध में घायल युवक के परिजनों ने बताया कि छोटू लाल मोटर साईकिल से किसी काम से साहिबगंज जा रहा था.इसी दौरान बाइक असंतुलित होकर पलट गया.

## काली पूजा आज, तैयारी पूरी,बम काली की प्रतिमा व बायसी स्थान का प्रेम मंदिर होगा आकर्षण का केंद्र







**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज- साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार की सुबह मां काली की प्रतिमा का पट वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आम भक्तजनों के लिए खोला जाएगा.साथ ही सोमवार की रात मां काली की पूजा अर्चना किया जाएंगा.साहिबगंज नगर मे लगभग 25 स्थानों पर पूजा समिति के द्वारा काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है.वही साहिबगंज नगर के गुल्लीभट्ठा बम काली पूजा समिति के द्वारा मां बम काली की भव्य प्रतिमा व सुंदर प्रतिमा का निर्माण नंदन पाल से कराया गया है.वही आदि शक्ति का पंडाल का निर्माण कराया गया है. पंडाल पर 14 फीट ऊंची आदि शक्ति शंकर भगवान का प्रतिमा लगाया गया है.जो लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा.बायसी स्थान काली पूजा समिति के द्वारा प्रेम मंदिर के जैसा पंडाल,व टमटम स्टैंड काली पूजा समिति के द्वारा घड़ा से सजा पंडा का निर्माण कराया गया है. दहला दुर्गा स्थान के जगजग मशान काली पूजा समिति,रसुलपुर दहला, गोड़ाबाड़ी,चौक बाजार, रसुलपुर दहला, गुल्लीभट्ठा छोटी काली, केएन क्लब, बड़तल्ला, नार्थ कॉलोनी पीर दरगाह, जयप्रकाश चौक, मुनिलाल श्मसान घाट, केलाबाड़ी धंगड़सी, जिरवाबाड़ी झंडा मेला, मुड़कटिया काली, पोखरिया बड़ी काली, पोखरिया छोटी काली, समलापुर, साउथ कॉलोनी नाचघर, बंगाली टोला, नार्थ कॉलोनी, बड़तल्ला, केएन क्लब, जिरवबाड़ी तूरी टोला, सब्जी मंडी रोड, बनपर टोला बड़ी शीतला मंदिर, झरना कॉलोनी में पूजा समिति के द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण कर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा का आयोजन किया गया है.

## बम काली पूजा व मेला का उद्घाटन आज



साहिबगंज- साहिबगंज नगर के गुल्लीभट्ठा मुहल्ला स्थित बम काली मंदिर में बम काली पूजा समिति के द्वारा आयोजित काली पूजा सह मेला का आयोजन किया गया है.इस वर्ष बम काली पूजा समिति के द्वारा आदि शक्ति का आकर्षक पंडाल व भव्य प्रतिमा का निर्माण किया गया है. वही बम काली पूजा समिति की ओर से सोमवार को बम काली पूजनोत्सव सह मेला का उद्घाटन सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता पंकज मिश्रा के द्वारा किया जाएंगा.जिसकी तैयारी बम काली पूजा समिति के द्वारा पूरी कर ली गई है. बमकाली पूजा समिति अध्यक्ष महेन्द्र साह व सचिव उत्तम कुमार तांती ने बताया कि सोमवार की रात विधि विधान के अनुसार मां बम काली की पूजा अर्चना की जाएंगी.मंगलवार को मेला लगेगा व भोग वितरण होगा. बम काली प्रतिमा का विशाल व भव्य विसर्जन जुलूस 23 अक्टुबर को गाजे बाजे व यूपी के कानपुर से आये कलाकारों की झांकी के साथ निकलेगी.जो जिलेवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा.

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- साहिबगंज नगर के पूर्वी रेलवे फाटक के निकट रेल पोल संख्या 228/9 व 229/0 के बीच रविवार की सुबह किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई.मृतक वृद्ध व्यक्ति की शिनाख्त साहिबगंज के कबूतर खोपी गांव निवासी 72 वर्षीय छविलाल चौधरी के रूप में परिवार वालों ने किया.वही मामले सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. परिजनों के अनुसार छवि लाल मानसिक रूप से अस्वस्थ थे. रविवार को सुबह घर से निकले थे.सुबह लगभग दस बजे उन लोगों को घटना की जानकारी मिली है. पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप कर मामले की जांच शुरू कर दी है.वही परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है.

## काली पूजा की तैयारी पूरी, पूजा आज



संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- राजमहल नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र में सभी काली मंदिरों में काली पूजा की तैयारी पूजा समिति के द्वारा पूरी कर ली गई है.साथ ही मंदिरों में सोमवार को काली पूजा किया जाएगा. मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के नया बाजार मोड़, मटियाल बंगालीपाड़ा, शरण पार्क, हाटपाड़ा रेलवे फाटक के समीप, हाटपाड़ा, गुदारा घाट, सूर्य देव घाट, कासिम बाजार, महाजन टोली सहित अन्य एवं प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया कालीबाड़ी, लखीपुर, जामनगर, बेगमपुरा गांव स्थित झमझमिया काली मंदिर अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना किया जाएगा. राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन सड़क बनने के दौरान राजमहल के प्रसिद्ध झमझमिया काली मंदिर में पिछले वर्ष मंदिर में पूजा नहीं हो पाया था. इस बार नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा अर्चना किया जाएगा.

## छठ घाटों में सुरक्षा एवं सुविधा रहे दुरुस्त, छठ व्रतियों को नहीं हो परेशानी- विधायक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- राजमहल के विधायक एमटी राजा ने रविवार को छठ पूजा की तैयारी को देखते हुए राजमहल शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किए. निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, नपं प्रशासक दानिश हुसैन व थाना प्रभारी हसनैन अंसारी मौजूद थे. विधायक ने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की छठ पूजा समितियों से समन्वय स्थापित कर छठ घाट में सुविधा एवं सुरक्षा को दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे. नगर क्षेत्र के सभी वार्ड के गली मोहल्ले एवं मुख्य सड़कों के साफ-सफाई के साथ-साथ जल छिड़काव एवं गंगा घाट पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था. सुरक्षा को लेकर गोताखोर एवं आपदा मित्र की प्रतिनियुक्ति करे.तथा खरीदारी को लेकर बाजार में उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या के निदान के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त कर बड़े वाहनों का परिचालन अन्य मार्ग से करना सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने कहा कि जिन-जिन घाटों में खतरे का निशान रहेगा वहां बांस ब्रैकेटिंग भी कराना सुनिश्चित करेंगे. मौके पर झामुमो युवा जिला सचिव सह विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, नगर सचिव स्मित चौरसिया, जय कुमार यादव, राजीव बर्मन, अजय महलदार, देव दत्ता, पवन साहा, सोनू घोष, शुभम साहा, ओमजय कुमार, सुरज चौधरी, रितेश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे.

# बरमसिया गांव में आदिवासियों ने साप्ताहिक मंझी थान बोंगा बुरु में किया शुरू

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** जामा प्रखंड के बरमसिया गांव के तेतरीडंगाल टोला में समाजसेवी सच्चिदानंद सोरेन और गांव के मंझी बाबा, नायकी, गुडित, जोग मंझी, प्राणिक, कुडम नायकी और ग्रामीणों के पहल पर संताल आदिवासी समुदाय ने अपने पारंपरिक पूजा स्थल मांझी थान में सप्ताहिक पूजा शुरू किया. सप्ताहिक मंझी थान बोंगा बुरु(पूजा) के पूर्व मंझी थान का सफाई किया गया उसके बाद सभी महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे सामूहिक रूप से पूज्य स्थल मंझी थान में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार धूप, अगरबत्ती, जल,लड्डू के साथ पूजा किये.आज के बाद हर रविवार को सामूहिक रूप से मंझी थान में पूजा किया जायेगा. ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान समय में धार्मिक आस्था और संस्कृति को बनाये रखने



के लिए मंझी थान में साप्ताहिक सामूहिक पूजा बहुत जरूरी है. पूजा का आयोजन इष्ट देवता मरांग बुरु के श्रद्धा में किया जा रहा है, जिसे संताल आदिवासी के लोग अपने आराध्य देव के रूप में पूजते हैं. ग्रामीणों के अनुसार साप्ताहिक मंझी थान बोंगा बुरु(पूजा) का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक एकता, आध्यात्मिक शांति और सांस्कृतिक विरासत को संजोना है और नये पीढ़ी को हस्तांतरित करना है. यह पहल खासकर युवा पीढ़ी और बच्चों को अपनी परंपरा से जोड़ने के लिए की गयी है, ताकि वे अपने रीति-रिवाजों को समझें, उसका सम्मान करें और गर्व अनुभव करे. इसके साथ-साथ बच्चों को सकारात्मक दिशा में चलने के लिए प्रोत्साहित करना भी है.साप्ताहिक मंझी थान बोंगा बुरु (पूजा) सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. सप्ताहिक मंझी थान बोंगा बुरु(पूजा) के बाद सभी मरांग बुरु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया.इस सप्ताहिक मंझी थान बोंगा बुरु(पूजा) में पुतुल मरांडी,चुड़्की किस्कू, बाहामुनी मरांडी,उषा किस्कू, रविन्द्र मुर्मू, लिलमुनी मरांडी,किरण किस्कू, रविन्द्र सोरेन,दिलीप हांसदा, विजय सोरेन, रमेश हांसदा,प्रदीप किस्कू, जगन हांसदा, अजित सोरेन, छोटेलाल कोल,किरण टुडू, सोनमुनी सोरेन, फुलमुनी मरांडी, अनिता मरांडी, विणा सोरेन के साथ काफी संख्या में महिला,पुरुष,बच्चे उपस्थित थे.

# राढ़ी कायस्थ संगठन का विजया मिलन समारोह संपन्न

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** सिटी गार्डन दुमका में रविवार को अखिल भारतीय राढ़ी कायस्थ संगठन दुमका के द्वारा विजया मिलन समारोह का आयोजन किया गया सबसे पहले कार्यक्रम का शुरुआत दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि बालमुकुंद सिन्हा सभापति नगर परिषद बांका बिहार विशिष्ट अतिथि डॉ विनीता प्रसाद उपसभापति नगर परिषद बांका बिहार विधान चंद्र घोष महासचिव राढ़ी बांधव सेवा समिति बांका अभय कुमार घोष पूर्व अध्यक्ष राढ़ी बांधव सेवा समिति बांका चंचल कुमार घोष कोषाध्यक्ष बांधव सेवा समिति बांका कमल कुमार घोष सदस्य बंधक सेवा समिति बांका नवल कुमार घोष एवं दुमका अखिल भारतीय राढ़ी कायस्थ संगठन के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार घोष महासचिव उत्तम कुमार गुड्डू संरक्षक अजय कुमार दास, संजय कुमार घोष ,संजीव कुमार दास ,अधिवक्ता, पुरुषोत्तम कुमार दास मुरारी, संजीव कुमार दास पप्पू , गोपाल चंद्र सिन्हा, ध्रुव कुमार घोष,,आशुतोष दत्ता,मनोरंजन घोष, उज्जवल दत्ता, अरुण कुमार सिंह मुन्ना, प्रतुल रंजन दास मिंटू के द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। सभी सम्मानित अथितियौ को अंग वस्त्र पौधा मोमेंटो पगड़ी देकर सम्मानित किया गया।सभी परिवार के साथ विजया मिलन बड़ो को चरण स्पर्श प्रणाम कर मिठाई खिलाकर मनाये साथ ही समाज मे स्कॉलरशिप की योजना परचर्चा की गई। ।इस अवसर पर दुमका के कई सम्मानित सदस्यौ एवं तीन बुजुर्ग सम्मानित महिलाओ को भी अंग वस्त्र से



सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष दत्त के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में आलोक कृष्ण कुमार ,सौरभ सिन्हा , प्रवीन रंजन,अमरेंद्र कुमार दास, अरूनिमा दास, राजन घोष,जितेन्द्र दत्ता,सुजीत दत्ता,अजित दत्ता,सीमा कुमारी, संगीता दास,मोनालिसा,रूपम दास, देवलीना दत्ता, प्रितिकुमारी,मेघा कुमारी ,रूबी दास, समिष्ठादास ब्रहमनी दत्त, तनय सिन्हा,उन्नति प्रिया,प्रकृति पल्लवी सहित काफी संख्या मे महिलाएँ बच्चे शामिल थे।

# 56 वें सप्ताह कोयला रैक हटाओ आंदोलन ने दी दस्तक, अनिश्चितकालीन चक्का जाम की बन रही है रणनीति

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** रेलवे स्टेशन दुमका पर कोयला रैक हटाने की मांग को लेकर लगातार चल रहा आंदोलन रविवार को 56 वें सप्ताह में प्रवेश कर गया। रविवार को धरना प्रदर्शन में काफी संख्या में स्थानीय लोग पहुंच कर रेल प्रशासन और राज्य सरकार से यहां से अविलंब कोयला रैक हटाने की मांग की। इस दौरान आंदोलनकारियों ने खूब नारेबाजी कर बीजीआर कंपनी और डब्ल्यू पी डी सी एल को कोसा। आंदोलनकारियों का नेतृत्व कर रहे रवि शंकर मंडल ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर जो



कोयला रैक बनाया गया है उससे न केवल स्थानीय लोग पीड़ित हैं बल्कि रेलवे के पदाधिकारी भी पीड़ित हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो अधिकतर कर्मचारी क्वार्टर छोड़ अन्यत्र क्यों भाड़े के मकान में रहते। श्री मंडल ने कहा कि वह तो डीआरएम मैडम से भी कहते हैं कि एक महिने दुमका रेलवे स्टेशन पर बने गेस्ट हाउस में रहिए पता चल जाएगा कि स्थिति क्या है। उन्होंने कहा कि महापर्व छठ पूजा के बाद एक भी कोयला ढोने वाली गाड़ियों को नहीं चलने दिया जाएगा इसके लिए रणनीति पर रही है। वहीं धरने पर बैठे लोक जनशक्ति पार्टी के महासचिव हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि आंदोलन से तो देश आजाद हो गया तो आंदोलन से ही कोयला डंपिग यार्ड हटाने के लिए रेल प्रशासन और राज्य सरकार बाध्य होगी।

## आनंदपहाड़ी में धनतेरस पर नशामुक्ति रैली, बच्चों को मिली शिक्षा की प्रेरणा



**मसलिया ।** धनतेरस के शुभ अवसर पर मसलिया प्रखंड के हाड़ोरायडीह पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव आनंदपहाड़ी में रविवार को युवा समाजसेवी सचिन नंदी के नेतृत्व में नशामुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। छोटे से गांव में समाज सुधार, सेवा और शिक्षा का दीप प्रज्वलित करते हुए ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ उठाई। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की रैली से हुई। नशा छोड़ो, शिक्षा से नाता जोड़ो जैसे नारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस मौके पर सचिन नंदी ने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री, किताबें, पेंसिल, केक, बिस्किट और मिठाई का वितरण किया। उपहार पाकर बच्चे बेहद खुश नजर आए। श्री नंदी ने कहा कि नशा न सिर्फ शरीर बल्कि पूरे समाज को खोखला करता है। आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाना है तो आज ही नशे को अलविदा कहना होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य हर व्यक्ति को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करना और शिक्षा की ओर प्रेरित करना है। रैली के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नशा छोड़ने की शपथ भी ली। गांव की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## झामुमो की बैठक में बीएलओ का चयन संपन्न



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के गुमरो पंचायत में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बीएलओ चयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष पवन मंडल ने की। इस दौरान पंचायत के विभिन्न बूथों से सर्वसम्मति से बीएलओ का चयन किया गया। बैठक में गुमरो बूथ से कुंवर सिंह, सिद्पहाड़ी से प्रमोद कुमार हेम्ब्रम, बड़ा चांदना से लाता देवी तथा जेरूवा से संतु मंडल को बीएलओ के रूप में चुना गया। चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी की गई, जिसमें पंचायत के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर झामुमो के कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें कृष्ण मोहन दे, अरविंद हेम्ब्रम, वकील टुडू, अजीर मियां, बाबूजी सोरेन, काजल रजक, मनजीत हेम्ब्रम, तथा अलाउद्दीन शेख प्रमुख रूप से शामिल थे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बैठक के अंत में पंचायत अध्यक्ष पवन मंडल ने नव-चयनित बीएलओ को बधाई देते हुए टीम भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

## धनतेरस की रात बाजार में मोबाइल चोरों की चांदी, 6 लोगों ने थाने में लिखवाई शिकायत

**दुमका।** धनतेरस की खरीददारी के लिए दुमका के बाजार में जबरदस्त भीड़ थी। भीड़ का फायदा मोबाइल चोरों ने उठाया और कई लोगों के मोबाइल चूरा लिया। दस लोगों ने नगर थाना में मोबाइल चोरी की सूचना दी थी, इसमें से 6 लोगों ने नगर थाना में मोबाइल चोरी का सनहा दर्ज करने के लिए रविवार को आवेदन दिया जबकि चार लोगों ने थाना पहुंच कर बताया।

## प.बंगाल के 60 आदिवासी सदस्यों के दल का स्वागत



**रानीश्वर ( दुमका ) ।** भारत सेवाश्रम संघ,दुमका शाखा के , पाथरा स्थित आश्रम में आज 60 आदिवासी सदस्यों का दल जो कि सिदो कान्हू की जन्मस्थल जा रहें हैं, ये सब रात्रि में आश्रम में विश्राम किये उन्हें आज संताली रीति रिवाज़ से स्वागत किया गया, सचिव स्वामी नित्यव्रतानंद की अगुआई में हुई, कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अभिनन्दन मुर्मू ने किया.विदित है कि लहंती पत्रिका, बांकुड़ा के संपादक स्वप्न कुमार प्रमाणिक के नेतृत्व में दल भोगनाडीह जा रहें हैं, दल में बंगाल के विभिन्न जिले पुरुलिया, बांकूड़ा, वर्धमान, झाड़ग्राम आदि से महिला, पुरुष व बच्चे हैं, उनमें प्रमुख नाम है जो विभिन्न संगठन के तले हैं, हरिपदो मुर्मू, अनिलबरण किस्कू, ठाकुरदास हांसदा, अधीरचंद्र टुडू, सुधीर चंद्र मुर्मू, प्रबीर मुर्मू, धीरेन्द्रनाथ मुर्मू, रामेश्वर हांसदा, अनिलबरण टुडू, नुनीबाला किस्कू, पद्मवाती हांसदा, दर्शनी मुर्मू, रबिसेन टुडू आदि सम्मिलित हैं मौके पर जयदेव दे, बोध बोदरा, प्रणव भकत, प्रशांत कुमार मुर्मू, ज्योति प्रियंका हेमब्रम, प्रमिला टुडू, चुंडू हेमब्रम, शामु हांसदा, मंगल हांसदा, सुरेश मुर्मू, पानमोनी माझी, सुजाता हांसदा समेत विद्यालय बच्चों व बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे.

## मो.मोकिम अंसारी की माता जी का निधन, विधायक ने परिजनों को दी सांत्वना


**शिकारीपाड़ा ।** शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गणेशपुर निवासी मो. मोकिम अंसारी की माता जी का बीती रात निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। परिजनों ने बताया कि शनिवार देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन रविवार सुबह गणेशपुर पहुँचे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवार से मुलाकात की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन, एफसी जोजो बगान टीम बना विजेता

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखंड के पहाड़पुर गांव के फुटबॉल मैदान में मातकोम बेड़ा पहाड़पुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। बता दें कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमे फाइनल मुकाबला एफसी जोजो बगान और प्रेम नगर के बीच खेला गया। एफसी जोजो बगान टीम ने प्रेम नगर टीम को ट्राई ब्रेकर में 3-2 से हराकर फाइनल मुकाबला में जीत दर्ज किया। विजेता टीम एफसी जोजो बगान टीम को पहाड़पुर के ग्राम प्रधान मेथियस हांसदा ने 30 किलो पोल्ट्री देकर सम्मानित किया।






स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686